आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 18 -● जबलपुर ● शुक्रवार, 17 फरवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## अडाणी पर आज देशभर में सरकार को घेरेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली,ईएमएस।** अडाणी समूह पर उठे सवालों को लेकर कांग्रेस आक्रामक है। कांग्रेस शुक्रवार को देशभर में एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करके अडाणी मुद्दे पर सरकार को घेरेगी। कांग्रेस ने कहा कि इस मामले में पार्टी के 23 प्रवक्ता और नेता 23 शहरों में एक साथ असलियत बताएंगे और मामले की JPC जांच की मांग करेंगे।

## भारतीय मूल के नील मोहन बने YouTube के नए सीईओ

**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारतीय मूल के नील मोहन को YouTube का नया सीईओ बनाया गया है। इससे पहले नील मोहन यूट्यूब के CPO थे। यूट्यूब के उन्हें प्रमोट कर ये जिम्मेदारी दी है। नील मोहन Google के साथ 2008 से काम कर रहे हैं। साल 2013 में कंपनी ने उन्हें 544 करोड़ रुपए का बोनस दिया था। हाल ही में यूट्यूब की पूर्व सीईओ Susan Wojcicki ने पद से इस्तीफा दिया है, इसके बाद नील को यह जिम्मेदारी दी गई है।

## अरुणाचल प्रदेश को बताया भारत का अभिन्न अंग, अमेरिकी सांसदों ने पेश किया द्विदलीय विधेयक

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के दो सांसदों ने अरुणाचल प्रदेश के मुद्दे पर भारत का समर्थन करते हुए अमेरिकी संसद में द्विदलीय विधेयक पेश किया है। इस विधेयक में अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग बताया गया है। यह विधेयक ओरेगोन से सांसद जेफ मर्कले और बिल हागेर्टी ने पेश किया है। बता दें कि चीन, भारतीय प्रदेश अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा करता है। जिसके चलते चीन अब एलएसी पर पूर्वी सेक्टर में आक्रामकता दिखा रहा है। बीते दिनों भारत और चीन की सेनाओं के बीच हिंसक झड़पें भी हुई थी। इन्हीं सब घटनाओं के बीच अमेरिकी सांसदों ने यह विधेयक पेश किया है।

## जम्मू-कश्मीर के कटरा में भूकंप का झटका

**कटरा, ईएमएस।** शुक्रवार सुबह जम्मू और कश्मीर के कटरा में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.6 मापी गई। किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है, लेकिन हिमालयी क्षेत्र में भूकंप की आशंका ने लोगों को एक बार फिर डरा दिया है।

# गैस टैंकर और ट्रेलर की भिड़ंत में तीन लोग जिंदा जले

## धमाके से आग की चपेट में दस मकान और दो ट्रक भी आए

**अजमेर , ईएमएस।** अजमेर में रानी बाग रिसोर्ट के पास शुक्रवार तड़के एक बड़ा हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि यहां एक गैस टैंकर और ट्रक ट्रेलर में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोग जिंदा जल गए। चार लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। भिड़ंत के बाद धमाका भी हुआ, जिससे गैस टैंकर में आग लग गई। इससे करीब 400 मीटर तक सड़क और आसपास के क्षेत्र में आग फैल गई। हाईवे पर चल रहे दो ट्रक और कई दुपहिया वाहन भी इसकी चपेट में आगए। मिश्रीपुरा और गरीब नवाज कॉलोनी सहित आसपास फैली आग से 10 से ज्यादा मकानों में भी आग लग गई। मारे गए लोगों में गैस टैंकर और मार्बल पत्थर लेकर जा रहे ट्रेलर दोनों के ड्राइवर शामिल हैं। घायलों को जेएलएन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।देर रात हुए हादसे के बाद सूचना मिलने पर रात एक बजे से कलेक्टर अंशदीप और एसपी चूनाराम जाट ने



मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू करवाया। स्थानीय थाना पुलिस, दमकल, एंबुलेंस ने मौके पर रात बचाव कार्य किया गया। मौके पर मौजूद वाहन चालकों के मुताबिक आग लगने से काफी देर तक हाइवे पर जाम लग गया। सुराणा पोल फैक्ट्री के प्रत्यक्षदर्शी चौकीदार हुसैन खान ने बताया कि धमाके की आवाज काफी दूर तक आवाज सुनाई दी।

## श्रद्धालुओं की पिकअप 20 फीट नीचे नदी में गिरी..3 मौत,5 गंभीर

**रोहतास, एजेंसी।** महाशिवरात्रि पर रोहतास के गुप्ताधाम जा रहे श्रद्धालुओं की पिकअप नदी में गिर गई। हादसे में 3 लोगों की मौत हुई है। 21 घायल हैं। 5 की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि पिकअप में 24 श्रद्धालु थे। हादसा शुक्रवार सुबह 5 बजे हुआ। सभी श्रद्धालु गुप्ताधाम में शिव जी को जल चढ़ाने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि गायघाट की पहाड़ी के पास पिकअप अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे दुर्गावती नदी में गिर गई। सभी काराकाट थाना क्षेत्र से पिकअप में सवार होकर गुप्ताधाम जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के जरिए घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया(

## निर्दयी मां, बेटी को कोयले से जलाया पंखे पर लटकाया

**नई दिल्ली , ईएमएस।** दिल्ली के आरके पुरम इलाके में 7 वर्षीय बच्ची के साथ दरिंदगी के मामले में आरके पुरम थाना पुलिस को बीती रात बड़ी सफलता मिली है। आरके पुरम थाना पुलिस ने मासूम के साथ दरिंदगी करने वाली रेनू कुमारी व उसके पति आनंद कुमार को बीती रात रुड़की से पकड़ लिया। दोनों को दिल्ली ले आया गया है। पुलिस रेनू को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेगी।दूसरी तरफ पुलिस उसके पति आनंद कुमार की भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस इस बात की जांच करने में लगी हुई है कि रेनू ने जब मासूम को गोद लिया था तो फिर उसके साथ दरिंदगी व बेरहमी से क्यों मारपीट करती थी। आरके पुरम थाना पुलिस बच्ची के साथ बेरहमी से मारपीट करने के मामले में रेनू कुमारी के बेटे जॉनी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं।गौरतलब है कि बच्ची की मेडिकल रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि उसके शरीर पर 18 से ज्यादा चोटों के निशान हैं। यह वह चोट है जो अभी दिखाई दे रही हैं और ताजा हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पुरानी चोटों के भी काफी निशान बने हुए हैं।सफदरजंग अस्पताल की आरोपी नर्स व बेटे ने सारी हदें पार करते हुए बच्ची को गर्म चिमटे से दागकर कोयलों से जलाया और गर्म पतीले पर बैठाकर यातनाएं दीं। इतना ही नहीं निजी अंगों को भी चोट पहुंचाई। नर्स के बेटे ने बच्ची को कई घंटे पंखे से भी लटकाकर रखा। बिना कपड़ों के बच्ची को बालकनी में कड़ाके की सर्दी में बैठा दिया गया। बच्ची से जब दर्द सहन नहीं हुआ था तो उसने स्कूल में शिक्षिका को सारी बात बताई। इसके बाद आरके पुरम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी नर्स के बेटे जॉनी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि आरोपी नर्स फरार है।

**यातनाएं ऐसी सुनकर कांप जाए रूह, पुलिस ने किया गिरफ्तार**

## सीएम से चर्चा के बाद शासकीय चिकित्सकों की प्रदेशव्यापी हड़ताल स्थगित

**भोपाल यशभारत।** मप्र चिकित्सक महासंघ के बैनर तले स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के डाक्टरों द्वारा की जा रही हड़ताल स्थगित हो गई। चिकित्सा महासंघ के पदाधिकारियों ने सीएम शिवराज सिंह चौहान से चर्चा के बाद सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे हड़ताल स्थगित करने का ऐलान किया। इससे पहले महासंघ के पदाधिकारियों की चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग के साथ भी आज सुबह बैठक हुई। इस बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने महासंघ की मांगों को लेकर हाईपावर कमेटी बनाने पर सहमति जताई। साथ ही यह भी कहा कि ये कमेटी समय सीमा में विचार कर रिपोर्ट देगी।



### अस्पतालों में सुबह पसरा रहा सन्नाटा, मरीज हुए परेशान

इससे पहले आज सुबह डाक्टरों की हड़ताल की वजह से शासकीय अस्पतालों में सन्नाटा पसरा नजर आया। सुबह नौ बजे ओपीडी शुरू होती है, लेकिन अस्पतालों में डाक्टरों के चेंबर खाली नजर आए। राजधानी के जेपी अस्पताल में सुबह जब मरीज पहुंचे तो उनके इलाज के लिए चिकित्सा इंटर्स को ड्यूटी पर लगाया गया। जेपी अस्पताल में अभी आयुष और प्रशिक्षु डाक्टरों ने संभाला काम। वहीं हमीदिया अस्पताल में 75 सीनियर रेसिडेंट डॉक्टर की ड्यूटी लगाई गई। हालांकि हमीदिया में कुछ देर के लिए सुरक्षाकर्मी ओपीडी में आने वाले मरीजों को गेट से ही वापस लौटाते नजर आए।सुबह करीब ग्यारह बजे भोपाल के संभागायुक्त माल सिंह और जिला कलेक्टर अविनाश लवानिया हमादिया अस्पताल पहुंचे और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान वह अस्पताल के जनरल वार्ड में भी गए और भर्ती मरीजों से उनका हालचाल जाना।

### सरकार ने यह की व्यवस्थाएं

डाक्टरों की हड़ताल को देखते हुए स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने वैकल्पिक व्यवस्था की थी और जूनियर डाक्टर, सेवारत पीजी डाक्टर, बंधपत्र के तहत अस्पतालों में पदस्थ डाक्टरों को ड्यूटी पर लगाया गया था।

## स्टिंग ऑपरेशन के बाद चेतन शर्मा का इस्तीफा

### भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता का पद छोड़ा



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चनयकर्ता चेतन शर्मा ने स्टिंग ऑपरेशन के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। एक स्टिंग ऑपरेशन में चेतन शर्मा ने भारतीय टीम और खिलाड़ियों से जुड़े कई खुलासे किए थे। इसके बाद वह लगातार विवादों में बने हुए थे। अब उन्होंने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम की चयन समिति के अध्यक्ष का पद छोड़ दिया है। चेतन शर्मा ने अपने अपना इस्तीफा बीसीसीआई सचिव जय शाह को भेजा है और उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। उन्हें सात जनवरी 2023 को दूसरी बार भारतीय टीम की चयन समिति का अध्यक्ष चुना गया था। इसके लगभग एक महीने बाद ही उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा है। दो बार भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता बने हैं, लेकिन दोनों बार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके हैं। चेतन शर्मा ने एक टीवी चैनल के स्टिंग ऑपरेशन में विराट कोहली और सौरव गांगुली के रिश्ते से लेकर खिलाड़ियों के इंजेक्शन लेने सहित कई मामलों पर गंभीर खुलासे किए थे। चेतन शर्मा ने कहा था कि भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी 80 प्रतिशत फिट होने पर इंजेक्शन लेते हैं और 100 प्रतिशत फिट हो जाते हैं। ये पेन किलर नहीं होते हैं। इन इंजेक्शन में ऐसी दवा होती है जो डोप टेस्ट में नहीं पकड़ी जाती है। नकली फिटनेस के लिए इंजेक्शन लेने वाले इन सभी खिलाड़ियों के पास बाहर भी डॉक्टर होते हैं। चेतन शर्मा ने यह भी आरोप लगाया था कि पिछले साल सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए स्ट्रेस फ्रैक्चर से बुमराह की वापसी को लेकर उनके और टीम मैनेजमेंट के बीच मतभेद थे। बुमराह अभी भी एक्शन से बाहर हैं और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर सीरीज से बाहर हो चुके हैं।

### कोहली-गांगुली के रिश्ते पर भी बोले थे

चेतन शर्मा ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व कप्तान कोहली और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली के बीच अहंकार की लड़ाई थी। चेतन ने कोहली के कप्तानी विवाद पर खुलासा करते हुए कहा था- कोहली को लगा था कि सौरव गांगुली की वजह से उन्हें कप्तानी गंवानी पड़ी, लेकिन ऐसा नहीं है। चयन समिति की वीडियो कॉन्फ्रेंस में कई लोग थे, तब गांगुली ने कोहली से कहा था- फैसले को लेकर एक बार सोच लो। मुझे लगता है कि कोहली ने इसे नहीं सुना बीसीसीआई ने इस मामले को गंभीरता से लिया, क्योंकि चीफ सेलेक्टर चेतन ने कई विवादित दावे किए थे। बोर्ड के साथ कॉन्ट्रैक्ट में रहते हुए किसी भी खिलाड़ी या अधिकारी को मीडिया में किसी भी निजी मामले पर बातचीत की इजाजत नहीं होती है। चेतन ने इसका उल्लंघन किया था। इसी वजह से उन्हें अब इस्तीफा देना पड़ा है।

## ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 94/3



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला दिल्ली में है। चार मैच की सीरीज का पहला मैच भारत ने पारी और 132 रन से अपने नाम किया था। अब भारत की कोशिश दूसरा मैच भी जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने की होगी। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। पहले दिन लंच तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 94/3 है।

## पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

# अरुणोदय पंचांग




## बीबीसी पर आईटी का सर्वे 60 घंटे बाद खत्म

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली और मुंबई में ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन ऑफिस में आयकर विभाग का सर्वे 60 घंटे के बाद पूरा हो गया। मंगलवार सुबह 11.30 बजे आईटी की टीम ने बीबीसी के दफ्तरों में सर्वे शुरू किया था, जो गुरुवार देर रात खत्म हुआ। IT की टीम देर रात 11 बजे BBC के दफ्तरों से बाहर निकलीं। बीबीसी के प्रवक्ता ने एक बयान जारी कर कहा, च्आयकर विभाग के अधिकारी हमारे दिल्ली और मुंबई के दफ्तरों से जा चुके हैं। हम IT की टीम का सहयोग करते रहेंगे। उम्मीद है कि मामला जल्दी ही सुलझ जाएगा। हम अपने कर्मचारियों का पूरी तरह से समर्थन कर रहे हैं। उनका ध्यान भी रख रहे हैं। खासतौर पर उन लोगों ने जिनसे बहुत लंबी पूछताछ की गई है, कई लोगों को तो पूरी रात दफ्तर में रुकना पड़ा है। ऐसे कर्मचारियों का ख्याल रखना हमारी प्राथमिकता है।BBC की ओर से कहा गया कि हमारा कामकाज सामान्य हो रहा है।

## 12 चीतों को लाने वाले विशेष विमान ने भरी उड़ान

# भारत की धरती पर शिवरात्रि को उतरेंगे

**भोपाल यशभारत।** भारत की धरती पर 12 नए चीते पहुंचने वाले हैं। इन्हें लाने के लिए विशेष विमान हिंडन एयरबेस से उड़ान भर चुका है। विमान 17 फरवरी की रात 8 बजे दक्षिण अफ्रीका से उड़ान भरकर 18 फरवरी यानी शिवरात्रि की सुबह ग्वालियर एयरपोर्ट पर उतरेगा। यहां से इन चीतों को कूनो नेशनल पार्क ले जाया जाएगा। बता दें कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में 8 चीते छोड़े गए थे। ये नामीबिया से लाए गए थे। अब चीतों की दूसरी खेप शनिवार को भारत पहुंच जाएगी। इस बार 7 नर और पांच मादा चीतों को लाया जा रहा है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री



भूपेंद्र यादव ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने जानकारी दी कि चीतों को लाने के लिए वायु सेना का विशेष विमान सी-17 ग्लोबमास्टर गुरुवार सुबह रवाना हो चुका है। यह विमान 17 फरवरी की रात 8 बजे दक्षिण अफ्रीका से उड़ान भरकर 18 फरवरी को सुबह 10 बजे ग्वालियर एयरपोर्ट पर उतरेगा। चीतों के साथ उसी विमान से वेटरनरी डॉक्टर और विशेषज्ञ डॉक्टर लारेल भी आएंगी। रक्षा मंत्रालय और वायु सेना ने साउथ अफ्रीका से चीतों को लाने के लिए पर्यावरण मंत्रालय से किसी भी तरह की फीस नहीं ली है। यादव ने कहा कि दक्षिण अफ्रीकी चीते सबसे पहले शनिवार सुबह मध्य प्रदेश में ग्वालियर वायु सेना के अड्डे पर पहुंचेंगे और 30 मिनट बाद उन्हें भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों द्वारा लगभग 165 किमी दूर श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क पहुंचाया जाएगा।



## कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष पाने सुबह से लगीं कतारें

# कई लोग बिछुड़े, अब तक 15 लोग लापता

**भोपाल, यशभारत।** सीहोर स्थित कुबेरेश्वर धाम में आयोजित रुद्राक्ष महोत्सव के आज दूसरे दिन भी लाखों की संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही रुद्राक्ष पाने की लालसा में कतार में लगे हैं। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के इस आयोजन के पहले दिन भारी अव्यवस्थाओं का आलम रहा। यहां आए कई लोगों की आंख से आंसू तक छलक आए। पूर्व घोषित कार्यक्रम के बावजूद जिला प्रशासन की व्यवस्थाएं घुटने टेकती नजर आईं। रुद्राक्ष की आस में दिनभर लोग लाइन में लगे रहे, लेकिन रुद्राक्ष नसीब नहीं हो पाया। हजारों लोग बिना रुद्राद्वा के ही लौट गए। रातभर भक्तों की आवाजाही लगी रही। कई बिछुड़ भी गए हैं।बताया जाता है कि कल मची अफरातफरी के बीच करीब 15 लोग लापता हो गए। लोग अपनों की तलाश में कोतवाली के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें ज्यादा मदद नहीं मिल पा रही है।आज सुबह से ही कुबेरेश्वर धाम में आस्था का सैलाब फिर से रुद्राक्ष लेने वाले उमड़ा है। लाखों लोग लाइन में लग गए। भीड़ इतनी कि पैर रखने तक की जगह नहीं है। हालात यह हैं कि 5 से 6 लाख लोग आयोजन स्थल पर मौजूद हैं। लोग उधर, इंदौर-भोपाल हाईवे की हालत दयनीय है। भीड़ के कारण यहां वाहन दौड़ने की जगह रेंग-रेंग कर आगे बढ़ रहे हैं। परिसर में निर्माणाधीन मंदिर के सामने स्थापित रुद्राक्ष के शिवलिंग के अभिषेक की तैयारियां कर ली गई है। पुलिस सहायता केंद्र से अनाउंसमेंट किया जा रहा है। यह केवल एक अकेला अनाउंसमेंट नहीं है, इस तरह की घोषणाओं का सिलसिला गुरुवार रात 12.00 से लगातार जारी है। इसकी वजह रुद्राक्ष महोत्सव में श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड तोड़ भीड़ होना है। महोत्सव में शामिल होने आए लाखों श्रद्धालु रुद्राक्ष मिलने की आस में शुक्रवार सुबह तक भी कुबेरेश्वर धाम परिसर में डेरा जमाए बैठे हैं।



**इंदौर-भोपाल हाईवे पर रेंग रहे वाहन**

# महाशिवरात्रि कल, मंदिरों में व्यापक तैयारियां शुरू

जबलपुर, यशभारत। महाशिवरात्री का पर्व इस बार 18 फरवरी शनिवार को मनाया जाएगा। इसके लिए शिव भक्तों ने तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। जगह-जगह पर भक्त अपनी तरह से तैयारी में जुटे हैं। अरुण्णेदय पंचांग के रचयिता ज्योतिषाचार्य पं. लोकेश व्यास ने बताया कि इस साल महाशिवरात्रि पर त्रिग्रही योग बन रहा है, जिसमें इस दिन सूर्य, शनि और चंद्रमा कुंभ राशि में विराजमान रहेंगे. ग्रहों की इस स्थिति से कई राशियों के धन, नौकरी, व्यापार में बंपर लाभ मिलेगा शहर में कई शिव मंदिर हैं जहां भक्त भोले का अभिषेक करने पहुंचते हैं। लेकिन कुछ मंदिर ऐसे हैं जहां सुबह से रात तक भक्तों का मेला लगता है। कचनार सिटी के बड़े शंकर जी हों या फिर स्वयं भू गुप्तेश्वर महादेव। इसी तरह साकेतधाम और चौसठ योगिनी मंदिर भी भक्तों की आस्था का केंद्र है।यहां मेला लगेगा। हिंदू धर्म में महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है क्योंकि ये दिन शिव और शक्ति के मिलन की रात है। इस दिन शिवभक्त अपने आराध्य का आशीर्वाद पाने के लिए व्रत रखने के साथ जलाभिषेक करते हैं। इस दिन भोलेबाबा की विधिवत पूजा करने के साथ जलाभिषेक करने से व्यक्ति को सभी दुखों से छुटकारा मिल जाता है। इसके साथ घर में खुशियां ही खुशियां आती हैं।

## चौसठ योगिनी मंदिर

भेड़ाघाट में चौसठ योगिनी का प्राचीन मंदिर है। यहां भगवान शंकर और पार्वती नंदी पर चलायमान स्थिति में विराजमान हैं। इस पहाड़ पर कभी भृगु ऋषि के शिष्य सुपर्ण ऋषि का आश्रम हुआ करता था। महाशिवरात्रि की महानिशा में सुपर्ण ऋषि को भगवान की मनोहारी छवि का दर्शन हुआ था। मंदिर के चारों और चौसठ योगिनियों की प्रतिमा कलचुरिकाल की है। महाशिवरात्रि पर दूर दूर से लोग पूजन करने पहुंचते हैं।



## साकेतधाम के महादेव में प्राकृतिक त्रिपुंड

ग्वारीघाट स्थित साकेतधाम में भगवान रामेश्वरम महादेव का पूजन किया जाता है। वैसे तो यहां सालभर धार्मिक अनुष्ठान होते हैं लेकिन शिव जी का अभिषेक करने के लिए लोग विशेष तौर पर पहुंचते हैं। मंदिर से नर्मदा का सौंदर्य भी दिखाई देता है। गर्मी में शाम का सुहाना दृश्य हो या ठंड में कुहरे का नजारा या फिर बारिश की अमृत धारा के बीच शिव आराधना लोगों को सुकून देती है। यहां 11 वैदिक ब्राह्मणों द्वारा प्रतिदिन पूजन किया जाता है। रामेश्वरम महादेव का शिवलिंग प्राकृतिक रूप से अपने ऊपर त्रिपुंड लगाए हुए हैं। जिलहरी में सर्प आकृतियां बनी हुई है। मां नर्मदा की गोद से यह शिवलिंग ओंकारेश्वर से लाया गया है। जिसकी प्राण प्रतिष्ठा 18 वर्ष पहले की गई थी।

## कचनार सिटी में उमड़ेगी अपार भीड़

शहर के विजय नगर क्षेत्र में 76 फीट ऊंचे भगवान शंकर की प्रतिमा है। जहां सावन के महीने के अलावा महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। 6 एकड़ में बनी कालोनी में मंदिर के लिए भी स्थान छोड़ा गया है। वर्ष 2005 में प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। मंदिर तैयार होने में तीन साल लग गए थे। यहां विशाल प्रतिमा के नीचे गुफा है। जहां 12 ज्योतिर्लिंग हैं। जहां भक्त अभिषेक करते हैं। गुफा के अंदर एक गर्भ ग्रह है जहां पर भगवान आत्मलिंगेश्वर शिवजी, माता पार्वती, गणेश जी एवं कार्तिकेय जी की प्रतिमा स्थापित हैं। यहां सुबह से रात तक मेला भरता है। भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन समिति ने व्यापक प्रबेध किए हैं ताकि श्रद्धालू आसानी से दर्शन कर सकें। गुप्तेश्वर मंदिर में स्वयं भू महादेव भगवान विराजमान हैं। यहां सुबह से लेकर रात तक धार्मिक अनुष्ठान होंगे। गुप्तेश्वर महादेव रामेश्वरम के उपलिंग हैं। जो गुफा में विराजे हैं। स्वामी डॉ. मुकुंददास महाराज ने बताया कि त्रेता युग में भगवान राम की उत्तर से दक्षिण तक की यात्रा काल का वर्णन पुराणों में आता है। तब भगवान ने यहां महादेव की स्थापना की। इसका उल्लेख नर्मदा पुराण और शिव पुराण के साथ ही कोटि रूद्र संहिता में मिलता है। यहां महाशिवरात्रि में सुबह से रात तक भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया जाएगा है। इसके अलावा सावन में भगवान की शाही सवारी भी निकाली जाती है।

## कुशावर्तेश्वर महादेव

नर्मदा तट जिलहरीघाट पर कुशवावर्तेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर है। यह मंदिर जबलपुर में नर्मदा नदी के उत्तर तट पर स्थित सभी प्राचीन मंदिरों से भी प्राचीन हैं। यहां महाशिवरात्रि में भोले का अभिषेक करने के लिए लोग पहुंचते हैं। इस मंदिर की व्यवस्था महाराष्ट्र समाज देख रहा है। यह स्वयंसिद्ध मंदिर है जहां पर प्रारंभ में एक कुंड था। जिसमें शिवलिंग के नीचे जिलहरी ही थी और इसी कारण से नर्मदा नदी के इस घाट को जिलहरी घाट के नाम से जाना जाने लगा। कालांतर में साधु संतों का अत्यधिक जमावड़ा इस कुंड के आसपास होने लगा अतएव इस कुंड को सदैव के लिए बंद करके उसी स्थान पर वर्तमान मंदिर का निर्माण किया गया। सभी मंदिरों की आकर्षक साज सज्जा की जा रही है। भरतीपुर स्थित शिव पार्वती मंदिर में महाशिवरात्रि पर भगवान का विवाह कराए जाने सहित विशाल बारात भी निकली जाती है जिसकी तैयारियों मंदिर में शुरू की जा चुकी हैं।क्रम अनुसार मागर माटी, मंडप और मायना, चीकट और फिर महाशिवरात्रि के दिन बारात निकी जाएगी। इन सभी के अलावा शिवरात्रि की देर रात्रि भगवान का विवाह कराया जाएगा। जानकारी के मुताबिक पिछले 76 वर्षों से भरतीपुर के शिव पार्वती मंदिर में सोनकर समाज द्वारा इस परमरा को आगे बढ़ाया जा रहा है।

## लंबे अरसे बाद सीओडी में वर्क्स कमेटी चुनाव

**जबलपुर यशभारत।** नगर में स्थित सेन्ट्रल आर्डनेंस डिपो (सीओडी) में आगामी माह वर्क्स कमेटी चुनाव लंबे अंतराल और इंतजार के बाद होने जा रहे हैं।इसके लिए सीओडी में अधिसूचना जारी कर दी गई है।अधिसूचना जारी होते ही संस्थान में कार्यरत श्रमिक संगठनों में सक्रियता शुरू हो गई है।पिछले चार वर्ष से सीओडी में चुनाव नहीं हुए।जिसका कारण कोई मामला कोर्ट में होना बताया जाता हैं। जानकारी के अनुसार आगामी31मार्च को चुनाव की तारीख तय कर दी गई है।इसके पूर्व मतदाता सूची का प्रकाशन आपत्तियों के बाद नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी।डिपो कामगार यूनियन के महासचिव पी.के तिवारी के अनुसार कतिपय कोर्ट केस के चलते प्रशासन चुनाव टालते आ रहा था।डिपो कामगार यूनियन ने मुख्यालय से लेकर श्रमायुक्त के समक्ष मामले को उठाया।मुख्यालय और क्षेत्रीय श्रमायुक्त ने सीओडी प्रशासन को चुनाव कराने के निर्देश देने के बाद वर्क्स कमेटी चुनाव की तारीख तय कर अधिसूचना जारी कर दी है।

**डिपो कामगार यूनियन का दावा उनका प्रयास रंग लाया**

## जीसीएफ में सुरक्षा अधिकारी के खिलाफ धरना स्थगित

### दरबानों सहित एम टी एस बनेंगे लेबर, बैठक के बाद आदेश जारी

**जबलपुर यशभारत।** जीसीएफ में मजदूर संघ हथौ?ा द्वारा आगामी20फरवरी से किये जाने वाले अनिश्चित कालीन धरना हाल फिलहाल प्रबंधन से वार्ता के बाद स्थगित कर दिया है।प्रबंधन ने जहां सुरक्षा अधिकारी द्वारा किये जाने वाले गैर जरूरी हस्तक्षेप पर अंकुश लगाने के लिए आश्वस्त किया है वहीं लंबे समय से लंबित दरबान और अन्य मल्टी टास्क स्टाफ औद्योगिक पद परिवर्तन की मांग को स्वीकार करते हुए बैठक के तत्काल बाद आदेश जारी कर दिये। मजदूर संघ(हथौ?ा)के अध्यक्ष मिठाई लाल रजक ने बताया कि लंबे समय से सुरक्षा अधिकारी द्वारा दरबानों से दोयम दर्जे का व्यवहार करते हुए प्रता?ित किया जा रहा था।यूनियन लगातार मुद्दा उठाती रही।इसी तरह दरबानों और एम टी एस को लेबर बनाए जाने की मांग वर्क्स कमेटी,जेसीएम में उठाती रही।सुरक्षा अधिकारी द्वारा सेवानिवृत्तियों को लेकर गेट बदलने की अनुशंसा के विरोध से लेकर सुरक्षा अधिकारी द्वारा निर्माणी में शराब लाने लक?ी और गमले चोरी की शिकायत प्रबंधन से चर्चा कर संज्ञान में लाने के बाद 8 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य द्वार पर अनिश्चित कालीन धरने की घोषणा के बाद प्रबंधन ने यूनियन को चर्चा के लिए बुलाया।चर्चा में मिठाईलाल रजक के साथ कार्य समिति सदस्य राजा पांडे रोहित यादव बीरबल अमित चंदेल पी पी उर्फ कुक्कू सरदार आदि शामिल हुए।चर्चा के बाद प्रबंधन ने सौहाद्रता दिखाई।साथ ही दरबान और एम टी एस के पद परिवर्तन के आदेश जारी कर दिये।वहीं यूनियन ने भी धरना स्थगित कर दिया है।

खबर का असर
यश भारत


जीसीएफ में सुरक्षा अधिकारी के खिलाफ होगा धरना

मजदूर संघ का कहना सुरक्षा अधिकारी ... अंकुश ...या जाए

## कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलवाई





दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संस्कारधानी का 12वां शपथ ग्रहण समारोह

**जबलपुर,यशभारत।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संस्कारधानी का 12वां शपथ ग्रहण समारोह रॉयल आर्बिट में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथि आशीष जैन सूत वाला, संयुक्त महासचिव फेडरेशन, इंदौर, श्रीमति रश्मि अमित पारस अध्यक्ष, महाकौशल विंध्य रीजन, शरद जैन पूर्व राज्य मंत्री, कैलाश चंद जैन अध्यक्ष जैन पंचायत सभा, सतेन्द्र जैन अध्यक्ष श्री पिसनहारी की मढ़िया के सानिध्य में शपथ विधि अधिकारी देवेंद्र कांसल वरिष्ठ उपाध्यक्ष फेडरेशन इंदौर ने नवीन पदाधिकारी श्रीमति चित्रा सुनील घीया को अध्यक्ष, श्रीमति प्रीति यतींद्र सिंघई को सचिव एवं प्रदीप सुनीता लक्ष्मी को कोषाध्यक्ष पद एवं समस्त कार्यकारिणी को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलवाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमति चित्रा घीया ने अपने उदबोधन में आगामी वर्ष 2023के लिए समाज सेवा, पर्यावरण, धार्मिक सांस्कृतिक, अनाथालय, स्वास्थय, मनोरंजन धार्मिक यात्रा आयोजित करने का उल्लेख किया। अतिथियों का स्वागत पदाधिकारियों व सदस्यों ने किया। मंच संचालन सुनील घीया एवं श्रीमति प्रीति सिंघई ने किया। आभार राजकुमार सिंघई ने दिया।

## अब आरटीआइ के तहत आनलाइन अपील व शिकायतें भी होंगी दायर

**जबलपुर यशभारत।** हाई कोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में राज्य सूचना आयोग की ओर से अपना जवाब पेश किया गया। जिसमें अवगत कराया गया कि अब आरटीआइ के तहत आनलाइन अपील व शिकायतें भी दायर हो सकेंगी। राज्य सूचना आयोग का आनलाइन साफ्टवेयर तैयार हो चुका है। इसे आमजनों के लिए उपलब्ध भी करा दिया गया है। मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने आयोग के जवाब को रिकार्ड पर लेकर इस मामले में राज्य शासन को जवाब पेश करने के निर्देश दे दिए। इसके लिए दो सप्ताह की मोहलत दी गई है। मध्य प्रदेश ला स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल ने याचिका दायर कर बताया था कि राज्य सरकार और राज्य सूचना आयोग में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन, शिकायतें एवं अपील आनलाइन प्रस्तुत करने की सुविधा नहीं है। इससे आवेदकों को परेशान होना पड़ता और जानकारी प्राप्त करने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं। उन्होंने दलील दी कि सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा-सात में स्पष्ट प्रविधान है कि किसी भी आवेदक की जीवन एवं स्वतंत्रता से जुड़ी जानकारी मांगे जाने के 48 घंटे के भीतर उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

## रंग लोक 2023 में नाटक रानी अवंती बाई का मंचन



**जबलपुर, यशभारत।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार श्री जानकीरमण महाविद्यालय महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट के सहयोग से नाट्य लोक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जबलपुर के नाट्य समारोह रंग लोक में नाटक रानी अवंती बाई का मंचन संजय गर्ग के निर्देशन में शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में मंचित हुआ जिसके मुख्य अतिथि विनय सक्सेना, शरद भाई पालन थे। यह नाटक 1857 के स्वाधीनता संग्राम के महत्वपूर्ण भूमि निभाने वाली पहली महिला वीरांगना रामगढ़ की रानी अवंती बाई के संघर्ष और शहादत की दास्ता है। 1857 के स्वाधनीता संग्राम में रानी अवंती बाई की अहम भूमिका थी। जिससे इतिहास जगत अनभिज्ञ रहा। वीरांगना अवंती बाई ने इस संग्राम में अंग्रेजों से खुलकर लोहा लिया। रामगढ़ और आसपास के राजाओं, जमींदारों मालगुजारों और गढ़ पुरवा के राजा शंकरशाह के साथ मिलकर मध्य भारत के मण्डला, रामगढ़, घुघरी, बिछिया से अंग्रेजों को खदेड़ बाहर किया था। इसी युद्ध के दौरान अंग्रेज डिप्टी कमिश्नर वॉडिंग्टन का बेटा जो यद्ध में बिछुड़ गया था, वो रानी के सैनिकों को जंगल में मिला था। उसे ममतामयी वीरांगना रानी अवंती बाई ने सुरक्षित वॉडिंग्टन के पास पहुँचाया। अंत में इसी वॉडिंग्टन की सैनिक टुकड़ी के द्वारा घेरे जाने पर रानी ने 20 मार्च 1858 को वीरांगना रानी दुर्गवती का अनुसरण करते हुए स्वयं को कटार भोंक कर देश के लिए बलिदान दे दिया। इस नाटक का उद्देश्य भावी पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन की जानकारी देना तथा देश पर कुर्बान होने वाले शहीदों के प्रति सम्मान पैदा करना है। कलाकारों में पलक गुप्ता, मानसी सोनी, माही सोनी, विनय शर्मा, रविन्द्र मुरार, दविन्दर सिंह ग्रोवर भूमिका झारिया पराग तेलंग श्रवण कुमार मिश्रा, सूरज महाजन, अनिकेत अहिरवार प्रेमराज विश्वकर्मा शालिनी अहिरवार, चित्रा उपाध्याय नाटक के निर्देशक संजय गर्ग हैं।

## वैदेही स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**जबलपुर यशभारत।** विश्वविद्यालय के वैदेही स्वास्थ्य केन्द्र में कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र की अध्यक्षता, पूर्व कुलसचिव प्रो. कमलेश मिश्रा, कुलसचिव डॉ. दीपेश मिश्रा एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. विवेक मिश्रा की उपस्थिति में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गोल्डन हार्ट हास्पिटल के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कावेरी शॉ पटेल एवं उनकी टीम द्वारा लगभग 200 लोगों की ब्लड प्रेशर, ई.सी.जी., बी.एम.डी. एवं ब्लड शुगर की निःशुल्क जाँच की गई एवं समुचित परामर्श दिया गया। शिविर के आयोजन में विश्वविद्यालय के चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय श्रीवास्तव, प्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य डॉ. जी.एल. टिटोनी, डॉ. वंदना माली, डॉ. अमिता, डॉ. मुकेश पटेल, डॉ. आशीष वर्मा एवं डॉ. महेन्द्र श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जब शरीर स्वस्थ्य होगा तो मन भी स्वस्थ्य रहेगा। तभी मानव का सर्वांगींण विकास संभव हो सकेगा। इस अवसर पर प्रो. एन.जी. पेन्डसे, प्रो. एस.एस. संधू, प्रो. विशाल बन्ने, डॉ. आर.के. गुप्ता, डॉ. शैलेष प्रसाद, डॉ. मोहम्मद जावेद सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शिवजी की भक्ति सार्थक फल देती है : अशोकानंद जी



**जबलपुर, यशभारत।** केन्ट विधानसभा अंतर्गत रांझी के सरस्वती शिशु मंदिर बड़ा पत्थर में चल रही श्रीमद् शिव महापुराण कथा, श्री शिव पंचकुण्डीय महायज्ञ एवं असंख्य रूद्री (शिवलिंग) निर्माण आचार्य स्वामी अशोकानंद महाराज के सानिध्य एवं पं. दीपक शर्मा पं. महेशदत्त शास्त्री, पं. हरिनारायण मिश्रा जी, डॉ. प्रत्युषील जी महाराज, आ. प. आषुतोष द्विवेदी जी, पं. चंदन मिश्रा के मार्गदर्शन में चल रहा हैं। कथावाचक अशोकानंद ने शिवमहापुराण कथा सुनाई और कहा, कि शिवजी की भक्ति सार्थक फल देती है हमें शिवजी की आराधना प्रतिदिन करनी चाहिए। इस मौके पर केन्ट विधायक अषोक रोहाणी, रिन्कु विज, सचिन जैन सहारा, दामोदर सोनी, निषांत झारिया, श्रीमती संतोषी ठाकुर, श्रीमति सवित्री शाह, श्रीमति पुष्पा कुलवे, श्रीमति मुन्नी पटेल, श्रीमति सुधा तिवारी, श्रीमति माधवी लखेरा, सुधीर बेन बंटी, अंकित फ्रासिंस, बबलू अग्रवाल, ब्रजलाल श्रीपाल, ईष्वर डागौर, जागेष समुन्द्रे, दीपचंद गुप्ता, हेमराज संराठे, किरण तोमर आदि उपस्थित रहें।

## पूर्व विधानसभा क्षेत्र में मानव सेवा का संकल्प एवं स्वास्थ्य शिविर

**जबलपुर, यशभारत।** पूर्व विधानसभा क्षेत्र का आठ दिवसीय मानव सेवा का संकल्प एवं स्वास्था शिविर का प्रथम दिन शुब्बाशाह मैदान में प्रातः 10.00 बजे से प्रारंभ हुआ। शाम 5.00 बजे तक जन समूह का ताता लगा रहा जिसमें प्रथम दिन में लगभग 2210 हितग्राहियों ने जिसमें महिला पुरुष सहित ने अपना परीक्षण कराया जिसमें 1070 हितग्राहियों के चश्मे के लिए पंजीयन किया गया जिसमे 124 हितग्राहियों को चिंहित किये गये मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए पंजीयन किये गये 1750 हितग्राहियों को विभिन्न बीमारियों के लिये महिला एवं पुरुषों को दवाईयों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि आज पूर्व विधानसभा क्षेत्र में गरीब पीड़ति लोगों को अच्छा इलाज मिल सके। यह मेरा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग विभिन्न बीमारियों से जूझ रही जनता को उचित इलाज मिल सके। ये मेरा प्रयास एवं संकल्प है। स्वास्थ्य शिविर में ब्लाक अध्यक्ष आजम खान याकूब अंसारी, पार्षद कलीम खान, मतीन असारी, राजू लईक, इश्तियाक अंसारी, तौफिक खान, काजी जियाउद्दीन हाशिम खान, मुख्तार अहमद, यावर चौधरी, शेख फारूख आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## अन्तर्राष्ट्रीय स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग, इनकिलाइन बेंच प्रेस में जबलपुर के पांच खिलाड़ी

**जबलुपर, यशभारत।** इन्डियन स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग फेडेरेशन के अनुसार सिनियर मास्टर्स, फिजिकली चेलेंजड महिला एवं पुरुष अन्तर्राष्ट्रीय स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग एवं इनकिलाइन बेंच प्रेस चैम्पियनशिप काठमांडू (नेपाल) के दसरथ स्टेडियम मे 11 से 13 मार्च 2023 तक आयोजित हो रही जिसकी मेजबानी नेपाल स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग फेडेरेशन के व्दारा की जा रही हैं।इस चेम्पियनशिप में मध्यप्रदेश के चार स्ट्रैग्थ लिफ्टर अनुजकुशवाहा, ऋषिराज विज, धनराज रैकवार, एवं फिजकली चैलेन्जड वनय डेरिया का चयन हुआ है सभी खिलाड़ी जबलपुर के हैं। पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय स्ट्रेंग्थ लिफ्टर एवं म.प्र. स्ट्रेंग्थ लिफ्टिंग एसोसियेशन के महा सचिव भूपेन्द्र कुमार पान्डेय इस चेम्पियनशिप ऑफिशियल के रुप में भाग लेंगे।

## मंगल कलश यात्रा से शिव महापुराण का श्रीगणेश



**जबलपुर, यशभारत।** चेतराम मढ़िया हनुमान मंदिर में शिव महापुराण का श्रीगणेश मंगल कलश यात्रा से हुआ। बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा शुरू हुई जिसमें शिव महापुराण धार्मिक ध्वज, कलश, गीता रामायण, लड्डू गोपाल ने नगर भ्रमण किया और कथा स्थल पर पहुंची। इस के उपरांत कथावाचक सतीश महाराज ने भगवान शिव के तत्व वर्णन करते हुए कहा कि प्रत्येक जीव, प्रकृति के हर स्वरूप में शिव शक्ति है। उन्हें हर भक्त सरलता से प्राप्त कर सकता है। आज के कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद राघवेंद्र, अंशुल यादव एमआईसी अमरीश मिश्रा मुख्य जजमान रहे। इस मौके पर धनंजय बाजपेई विजय गुप्ता डॉ आर के मिश्रा सचिन यादव अरुण यादव केके गुप्ता रमेश कोहली सोनू जैन आदि उपस्थित थे।

## विधायक सक्सेना ने दी मुस्लिम बहुल क्षेत्र पर कई विकास कार्य की सौगात



**जबलपुर, यशभारत।** उत्तर मध्य के विधायक विनय सक्सेना ने अपने जन्म दिवस के उपलक्ष पर मुस्लिम बहुल क्षेत्र पर कई विकास कार्य की सौगात दी। साथी सम्मानीय बुजुर्गो का सैकड़ों जनों का स्वागत सम्मान भी किया मौलाना अबुल कलाम आजाद वार्ड, शहीद अशफाक उल्ला खा वार्ड में दो करोड़ों रुपए से विकास कार्य किया जाएगा, जिसमें रोड सड़क, नाली, उर्दू लाल स्कूल मोती नाला एक मंजिल और बनाए जाएगा, मोती नाला के अधूरे पड़े नाला को पूरा कराया जाएगा उसमें सुंदरीकरण भी क्या जाएगा, पूरे मुस्लिम बहुल क्षेत्र में हर्ष का माहौल हो गया है विधायक विनय सक्सेना जी ने कहां की आने वाले दिनों में और भी विकास कार बड़े कार्य किए जाएंगे हर समस्या से मुफ्त वाला क्षेत्र कहलाएगा मुस्लिम बहुल क्षेत्र, इस शुभ अवसर पर मौलाना मुशाहिद मियां साहब जी, पूर्व मंत्री, विधायक लखन घनघोरिया, हाजी कदीर सोनी जी, हाजी गुलाम मोहम्मद भूरे पहलवान जी, हामिद हुसैन, पूर्व पार्षद हजन परवीन अंसारी, पूर्व पार्षद शाबान मंसूरी, पार्षद वकील अंसारी, पार्षद अख्तर अंसारी, पार्षद पति गुड्डु नबी, पार्षद पति याकूब अंसारी, अयाज राईन जी, मंजर उस्मानी, पप्पू वसीम, आमीन कुरेशी, समीम गुड्डु, साकिर कुरेशी, मुख्तार अली, यावर चौधरी, आजम कुरेशी, मुन्ना भाईजन, असलम पहलवान सैकड़ों आम जनता जन उपस्थित थे।

# भोपाल में डॉक्टरों की हड़ताल स्थगित, जबलपुर में विचार-विमर्श

## विभिन्न मांगों को लेकर बीते दिनों से कर रहे थे आंदोलन





**जबलपुर, यशभारत।** मप्र चिकित्सक महासंघ के बैनर तले स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के डाक्टरों द्वारा की जा रही हड़ताल भोपाल में स्थगित हो गई लेकिन जबलपुर में इसको लेकर दोपहर तक चर्चा जारी थी। भोपाल में चिकित्सा महासंघ के पदाधिकारियों ने सीएम शिवराज सिंह चौहान से चर्चा के बाद सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे हड़ताल स्थगित करने का ऐलान किया था। मालूम हो कि बीते दिनों से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज अस्पताल के डॉक्टरों ने आज शुक्रवार से पूरी तरह से काम बंद कर दिया था। डॉक्टरों की हड़ताल से मरीज परेशान होते नजर आए, कई ऑपरेशन टल गए। इसका असर जिले की समस्त शासकीय अस्पतलों में भी नजर आया। पदोन्नति समेत कई मांगों को लेकर सरकारी डाक्टर उग्र आंदोलन कर रहे हैं। चेतावनी के अनुसार शुक्रवार से जिले के सभी सरकारी अस्पतालों के डाक्टरों ने काम बंद कर दिया। मालूम हो कि गुरुवार को काली पट्टी बांधकर दो घंटे कार्य से विरत रहकर डाक्टरों ने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन




हड़ताल की चेतावनी दी थी। सरकारी अस्पतालों में दो घंटे तक मरीज जिले भर के सरकारी अस्पतालों में शुक्रवार को डाक्टर मरीजों की नब्ज नहीं टटोलेंगे। गुरुवार को दो घंटे के लिए काम बंद होने के कारण तमाम मरीज मलहम पट्टी के लिए तरसते रहे। एमपी जूनियर डाक्टर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डा हृदयेश दीक्षित ने कहा कि जूनियर डाक्टर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश आपके साथ है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज अस्पताल में जूनियर डाक्टर तथा अन्य सरकारी अस्पतालों में इंटर्न डाक्टरों के भरोसे व्यवस्था रही। शासकीय स्वशासी चिकित्सक महासंघ मध्य प्रदेश के तत्वावधान में मेडिकल आफिसर्स एसोसिएशन व मेडिकल टीचर एसोसिएशन के बैनर तले डाक्टरों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की भीड़ लगी रही। आकस्मिक चिकित्सा केंद्रों में भी अव्यवस्था रही। मेडिकल कालेज, विक्टोरिया अस्पताल, एल्गिन अस्पताल समेत जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में यही हालात रहे। दो घंटे चले प्रदर्शन के बाद डाक्टरों ने मरीजों की नब्ज टटोली। इस बीच तमाम गंभीर मरीजों को निजी अस्पतालों में जाना पड़ा। चिकित्सा बचाओ चिकित्सक बचाओ आंदोलन के संबंध में डा. परवेज सिद्दीकी, डा. शामिक रजा, डा. एचएस मरकाम, डा. नीलम टोप्पो, डा. अवधेश सिंह, डा. मयंक चंसोरिया, डा. कुलदीप सिंह, डा. अनुराग साहनी, डा. लक्ष्मी सिंगोतिया, डा. मनीष मिश्रा, डा. पंकज ग्रोवर, डा. अमिता जैन ने बताया कि प्रदेश भर के सरकारी डाक्टर समय पर पदोन्नति के लाभ से वंचित हैं।

# बेलबाग में धायं-धायं

## छात्र को धमकी देकर एक्टिवा में दनादन की फायरिंग, क्षेत्र में हड़कंप



**जबलपुर, यशभारत।** बेलबाग थाना अंतर्गत सीएमएस कंपाउंड में एक छात्र की घर के बाहर खड़ी एक्टिवा में दनादन फायरिंग कर आरोपी मौके से फरार हो गए। जिसके बाद पीड़ित छात्र की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला कायम कर जांच में लिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मेलविन मार्टिन 22 साल ने बताया कि वह पढ़ाई करता है। जब वह घर के अंदर था, तभी अचानक शोर सुनकर बाहर निकला तो देखा कि उसकी बाहर खड़ी एक्टिवा बाइक में हमलावर फायरिंग कर फरार हो गए। पीड़ित छात्र ने बताया कि क्षेत्र का बदमाश अनिराज अन्ना ने फोन पर धमकी दी थी, जिसके बाद उसने ही इस घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है।

## मप्र नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक को भी बनाएं आरोपित

**जबलपुर, यशभारत।** अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश जय सिंह सरोते के न्यायालय ने राशन वितरण में अनियमितता के मामले में मप्र नागरिक आपूर्ति निगम के तत्कालीन जिला प्रबंधक रवि सिंह को भी आरोपित बनाए जाने का आदेश पारित किया। इसी के साथ रवि सिंह को समन जारी कर 22 फरवरी को पेश किए जाने के निर्देश दे दिए। राज्य शासन विरुद्ध अंकित पांडे के मामले में प्रस्तुत एक आवेदन पर विचार करने के बाद उक्त निर्णय लिया गया। आवेदक अंकित पांडे की ओर से अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी, असीम त्रिवेदी अपूर्व त्रिवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि राशन वितरण में अनियमितता के मामले में अधारताल पुलिस ने परिवहनकर्ता अंकित पांडे सहित अन्य के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है। उस मामले की ट्रायल जारी है। विचारण के दौरान सामने आए साक्ष्यों व दस्तावेजों के आधार पर यह आवेदन पेश किया गया है। जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि राशन प्रदाय योजना के लिए मप्र शासन ने लीड सोसायटी के रूप में मप्र नागरिक आपूर्ति निगम को नियुक्त किया था।

# किराए का मकान देखने गई विधवा के साथ दुष्कर्म

## पति के दोस्तों ने मारपीट कर की ज्यादती



**जबलपुर, यशभारत।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत एक विधवा महिला के साथ बलात्कार का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। महिला किराए का मकान देखने गई थी, जहां पति के दोस्त मिल गए और उसे अपने घर ले गए। जहां तीनों दोस्तों ने पहले तो जमकर शराब पी। जिसके बाद आरोपी ने जबरदस्ती की और उसके साथियों ने मारपीट कर किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। रोते हुए थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, सभी आरोपियों को दबोच लिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 32 वर्षीय महिला ने बताया कि कुछ समय पूर्व उसके पति गुजर गए है। जिसके बाद वह किराए का मकान देखने गयी थी। जहां तीन आरोपी मिल गए जो उसके पति को जानते पहचानते थे। तीनों ने गुजारिश कर महिला को अपने घर में रोक लिया और फिर उसके साथ ज्यादती कर दी। शोर मचाने पर तीनों फरार हो गए। वहीं प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को दबोच लिया है। जिनसे पूछताछ जारी है।

## महाशिवरात्रि मेला के दौरान ईसरदा स्टेशन पर अस्थाई ठहराव

**जबलपुर यशभारत।** महाशिवरात्रि मेला के दौरान बड़ी संख्या में सम्मिलित होने वाले लोगों की मांग पर उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने तीन रेलगाड़ियों का ईसरदा स्टेशन पर अस्थाई तौर से ठहराव देने का निर्णय लिया है। महाशिवरात्रि मेला के दौरान 17 फरवरी से 22 फरवरी 2023 तक पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट और गुजरने वाली तीन रेलगाड़ियां दयोदय एवं जयपुर-पुणे ट्रेन को ईसरदा स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव दिया जा रहा है।

1) गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस का ईसरदा स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 09.52/09.54 बजे रहेगा।

2) गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस का ईसरदा स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 18.45/18.47 बजे रहेगा।

3) गाड़ी संख्या 12940 जयपुर-पुणे एक्सप्रेस का ईसरदा स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय 13.48/13.50 बजे रहेगा।

यात्रीगण कृपया यात्रा के दौरान कोविड-19 से सम्बंधित सरकार द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का पालन करें।

## विप्रो के जापान कंट्री हेड ने श्री राम कॉलेज के छात्रों की जिज्ञासा को किया शांत



**जबलपुर, यशभारत।** श्री राम इंजीनियरिंग कॉलेज के तत्वाधान में टेकनिकल एडवासमेंट इन आईटी इंडस्ट्री विषय पर के एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में मुख्य वक्ता व आनंद ( कट्री हेड एण्ड मैनेजिंग डायरेक्टर विप्रो जापान ) रहे. साथ ही श्री राम कालेज के डायरेक्टर जनरल डा एल के पटेल. ग्रुप डायरेक्टर योगेश मोहन दुबे एवं प्राचार्य डा शैलेश गुप्ता के विशेष मार्गदर्शन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में ध्रुव आनंद ने ि कहा कि इंडस्ट्री में जिस प्रकार से रिवेलुवेशन हो रहा है और वह बड़ी तेजी से टैक्नालाजी को आत्मसात कर रही है । उन्होंने अपने उदबोधन में टेक्नालाजी के विभिन्न पहलुओं पर भी विस्तार से छात्रों को बताया साथ ही ध्रुव आनंद ने भविष्य की टेक्नालाजी जैसे आईओटी, आरपीए फाइव जी क्लाउड एण्ड एज कम्प्यूटिंग, एआई आदि के बारे में बेबाकी से अपनी बात छात्रों के समक्ष रखी। उन्होंने सवालो का बड़ी ही सरल भाषा में जवाब दे कर छात्रों की जिज्ञासा को शांत किया । . संचालन संदीप सिन्हा ने किया इस अवसर पर संगोष्ठी का आभार प्रदर्शन डा अविनाश गौर ने किया कार्यशाला कालेज के चेयरमेन आर करसौलिया, डॉ प्रदीप दुबे, प्रो महेन्द्र राय, प्रो प्रतीक गुप्ता, प्रो ब्रिजेश पटेल, प्रो भरत सोलकी, प्रो नितिन शुक्ला प्रो दिव्याशु राव एवं प्रो परिक्षित वाजपई के साथ में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जनता हमारे लिए सर्वोपरि , उन्हें सुविधाएं दिलाना हम सबकी है जिम्मेदारी : महापौर

## महापौर हेल्प लाइन की प्रक्रिया को किया गया और अधिक सरल



**जबलपुर, यशभारत।** नागरिकों की आम छोटी-छोटी समस्याओं को त्वरित निदान के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने महापौर हेल्प लाइन की शुरूआत कर शुभारंभ कर दिया है। इस सुविधा के माध्यम से प्रतिदिन 250 से 300 तक समस्याओं का समाधान किया जाकर नागरिकों को राहत भी प्रदान की जा रही है। आज महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने महापौर हेल्प लाइन की प्रक्रिया को और सरलीकृत करते हुए शिकायतकर्ताओं को राहत प्रदान करने की दिशा में अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतकर्ताओं की यदि कोई तत्कालीक समस्या है जैसे - शव वाहन की बुकिंग, पानी लीकेज, जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र बनवाने, टेंकर की मॉग, अग्नि शमन विभाग से संबंधित समस्याओं के साथ साफ सफाई की समस्या हो तो लेवल 1 पर ही तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों से एस.एम.एस. सुविधा और कॉलिंग सुविधा के माध्यम से निवारण कराऍं। इन कार्यो में किसी प्रकार की कोई हीलाहवाली न हो अन्यथा लेवल 1 पर लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी और जिन अधिकारियों के द्वारा सर्वाधिक शिकायतों एवं समस्याओं का निवारण लेवल 1 पर किया जायेगा, उन अधिकारियों को साल में दो बार पुरूस्कृत किया जायेगा। महापौर हेल्प लाइन की समीक्षा के दौरान महापौर श्री अन्नू ने बताया कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा उन्हें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाऍं समय पर उपलब्ध कराना हम सबकी जबावदारी है। इन जबावदारियों को समझते हुए तथा संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों को पूर्ण निष्ठा के साथ पूर्ण करते हुए नागरिकों की प्रत्येक समस्याओं को तत्काल समाधान करें और उसकी जानकारी उन्हें महापौर हेल्प लाइन के माध्यम से ही दें। समीक्षा बैठक में महापौर ने अधिकारियों को यह भी आश्वस्त किया कि जहॉ पर उन्हें शिकायतों का निवारण करने में कठिनाई महसूश हो वहॉ पर उन कठिनाईयों से अधिकारी हमे अवगत कराऍं, हम स्वयं अधिकारियों के साथ ख? होकर सुनवाई करेगें तथा कोशिश करेगें कि अधिकारियों की कठिनाईयों को भी समझे और नागरिकों को भी बीच का हल निकालकर उन्हें राहत प्रदान करें। महापौर ने आज लोककर्म विभाग, जल विभाग, शासकीय योजना विभाग, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ महापौर हेल्प लाइन की समीक्षा की और सभी को तत्परता से कार्य करने निर्देश प्रदान किये गए। इस अवसर पर आज अपर आयुक्त वित्त महेश कुमार कोरी, अधीक्षण यंत्री अजय शर्मा, कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, नवीन लोनारे, आर.के. गुप्ता, सहायक आयुक्त श्रीमती अंकित जैन के साथ सभी संभागीय यंत्री, उपयंत्री आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर द्वारा जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की परियोजनाओं की समीक्षा

## संचालन एवं संधारण हेतु एजेंसी चयन करने की निविदा जारी करने कलेक्टर ने दिए निर्देश



**जबलपुर, यशभारत।** कलेक्टर, जिला जबलपुर सह चेयरमेन जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड सौरभ कुमार सुमन की अध्यक्षता, में दिनांक 16 फरवरी 2023 को स्मार्ट सिटी कार्यालय में स्मार्ट सिटी जबलपुर द्वारा संचालित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्री स्वप्निल जी वानखड़े नगर निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, सी.ई.ओ. जबलपुर स्मार्ट सिटी श्रीमती निधि सिंह राजपूत द्वारा परियोजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई कि कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन द्वारा स्मार्ट सिटी के अधिकृत ट्रांसेक्शन एडवाइजर को मल्टी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स फेस-1 के लिये संचालन एवं संधारण हेतु एजेंसी चयन करने की निविदा जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने तैयार हो चुके राइट टाउन स्टेडियम फेस 1 में अलग-अलग खेल गतिविधियों के अनुसार पैकेज वार एजेंसियां नियुक्त की जाने की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिये। सी.ई.ओ. श्रीमती राजपूत ने बताया कि रानीताल तालाब के चारों ओर स्मार्ट सिटी द्वारा तैयार किये जा रहे रिक्रियेशनल जोन को भी रिवेन्यू मॉडल में एजेंसी चयन की कार्यवाही किये जाने निर्देशित किया। जिससे रानीताल के चारों ओर किये गये विकास कार्य का संधारण किया जा सके। उन्होंने बताया कि रानीताल तालाब में स्मार्ट सिटी द्वारा विकसित किये गये रिक्रियेशनल जोन में विभिन्न गतिविधियां जैसे प्ले एरिया, लेजर शो, फूडकोर्ट, फ्लोटिंग रेस्टारेंट आदि के कार्य पी.पी.पी. मोड में प्रारंभ करने विस्तृत प्रस्ताव तैयार किये जाने निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रांजेक्शन एडवाइजर के द्वारा उपरोक्त समस्त गतिविधियों को समाहित करते हुये एक मास्टर प्लान तैयार किया जायेगा। निगमायुक्त स्वप्निल जी वानखड़े द्वारा रानीताल में विकसित किये गये क्षेत्र की सुरक्षा के लिये पर्याप्त उपाय करने हेतु निर्देशित किया गया और अन्य परियोजना के संबंध में समस्त निर्माण एजेसिंयों को शेष कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, सहायक यंत्री बाहुबली जैन, अनिकेत गौरिया, कविश मिश्रा, उपयंत्री विद्युत अंकुर नाग, जी.आई.एस. एक्सपर्ट बालेन्द्र शुक्ला, असिस्टेंट अर्बन प्लानर अर्पित नेमा, उपयंत्री अभिलाष पाण्डेय, उपयंत्री विद्युत सिविल कार्य हेतु अधिकृत पी.डी.एम.सी. एजेंसी के टीम लीडर निशांत मिश्रा, एवं परियोजनाओं के कान्ट्रेक्टर, ट्राजेक्शन एडवाइजर एजेंसी की टीम उपस्थित रहे।

## दो हजार किमी पटरियों की सुरक्षा करेंगे चार हजार ट्रैकमैन

**जबलपुर, यशभारत।** रेलवे में यात्री सुविधा को बेहतर करने के बाद अब ट्रेनों का सुरक्षित संचालन करने का काम शुरू हो गया है। पटरियों की सुरक्षा करने से लेकर सिग्नल को आधुनिक करने और रेलवे फाटक पर सुरक्षा बढ़ाने का काम हो रहा है। इसके लिए पश्चिम मध्य रेलवे में लगभग 4 हजार से ज्यादा कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है। इन कर्मचारियों को पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडल की सीमा में आने वाले लगभग दो हजार लंबे रेलवे ट्रैक पर तैनात किया जाएगा। इन्हें पटरियों की सुरक्षा में तैनात किया जाएगा तो वहीं पटरियों के मरम्मत करने से लेकर रेलवे फाटक में लगाया जाएगा।

## मेयर इन काउंसिल की बैठक 20 फरवरी को

**जबलपुर, यशभारत।** मेयर इन कांउसिल की बैठक दिनांक 20 फरवरी 2023 दिन सोमवार को अपरान्ह 02:00 बजे से निगम परिसर स्थित महापौर कक्ष में आयोजित की गई है। इस आशय की जानकारी निगम मेयर इन कांउसिल सचिव खूबचंद पांडेय के द्वारा दी गई है।

# मोटे अनाज के उत्पादन एवं व्यवसाय पर रोजगारोन्मुखी कार्यशाला

## प्रशिक्षण में विद्यार्थी सीख रहे है मिलिट्स पोषक तत्वों की उपयोगिता एवं महत्व

**जबलपुर, यशभारत।** शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना द्वारा आयोजित एवं विश्व बैंक परियोजना ( रुसा ) द्वारा प्रायोजित श्री अन्न महोत्सव ( मिलेट ) 2023 के अंतर्गत मोटे अनाज के उत्पादन एवं व्यवसाय पर 05 दिवसीय रोजगारोन्मुखी कार्यशाला एवं प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस आज विशय विषेशज्ञ श्रीमती शशि वानी ने विद्यार्थियो को मिलिट्स मोटे अनाजों में कोदो, रागी, कुटकी, कंगनी, ज्वार, बाजरा, जौ, आदि के पोषक तत्वों की उपयोगिता एवं महत्व की विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं विद्यार्थियों को मिलिट्स की इडली बनाना सिखाया।प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय समन्वयक, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्षन योजना, जबलपुर संभाग ने बताया कि डॉ. संजय नागरकर, हॉगकॉग की



उपस्थिति में कल दिनांक 17/02/2023 को कार्यषाला एवं प्रषिक्षण का समापन होगा साथ ही मिलिट्स उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी। युवाओं के लिए मिलिट्स पास्ता, नूडल्स, केक भी विशय विषेशज्ञ द्वारा बनाये जायेगें। इस अवसर पर डॉ. टी.आर.नायडू, डॉ. मधुर तिवारी, डॉ. हेमंत तनकंपन, डॉ. शिवकुमार दुबे, डॉ. राजेष शामकुवंर, डॉ. मलय वर्मा, डॉ. मधुमिता भटटाचार्य के साथ महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहें।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र/अ-6/2021-2022
जबलपुर, दिनांक 15/2/ 23

**-: आम इश्तहार :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक स्वर्णा साहू पिता स्व. राकेश साहू निवासी लेबर चौक जबलपुर के द्वारा मौजा चावनपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 28/2/2 में रकवा 1200 वर्गफुट भूमि पर कु वेदांशी साहू की मृत्यु दिनांक 11/11/2021 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती /वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 13/3/23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 15/2/2023
पेशी दिनांक - 13/3/2023

तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा जबलपुर विकास प्राधिकरण जबलपुर की योजना क्र41 भूखंड क्र ईडब्ल्यूएसई-161 ऐरिया 360 वर्गफुट के भूखंडधारक श्री जगन्नाथ विश्वकर्मा पिता श्री हरभजन विश्वकर्मा पता सी/6 मंडला रोड जलाराम बाबू नगर जबलपुर वर्तमान पता विजयनगर विजयश्री टावर के पीछे स्वामी विवेकानंद वार्ड नं 21 जबलपुर से उक्त भूखंड को खरीद करने का विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक ... को निष्पादित किया गया है जिसके विक्रय पत्र का पंजीकरण कराया जाना है। उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र पंजीयन के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, फर्म, बैंक/वित्तीय संस्था, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व अन्य को कोई आपत्ति हो तो मय मूल दस्तावेजों सहित प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर साक्ष्य सहित विधिक सम्पत्ति प्रस्तुत करें, किसी भी प्रकार की आपत्ति अखबार प्रकाशन/खंडन के माध्यम से मान्य नहीं होगी। 7 दिवस के बाद की गयी किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीयन करा लिया जाएगा। अतः सूचना का संज्ञान प्राप्त कर आवश्यकतानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

सचिन मिश्र/हिमांशु मिश्र
एडवोकेट
मो. 9302189185, 9303589185

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र.2606/अ-6/2022-2023
अधारताल, दिनांक 31/1/ 23

**-: आम इश्तहार :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1 शशि किरण उपाध्याय व अन्य पिता स्व. भोला राम उपाध्याय निवासी 69 गढ़ा फाटक समैया बिल्डिंग जबलपुर के द्वारा नजूल ब्लॉक नंबर 50 प्लॉट नंबर65/1 स्थित भूमि खसरा में से रकवा 640 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता नेमचंद्र खत्री वल्द कस्तूरचंद खत्री से दिनांक 29/2/1952 से आवेदकगणों के पिता श्री भोपालराम वल्द रामचरण के द्वारा क्रयकिया जाना लेख है क्रेता द्वारा नामांतरण नही कराया गया है जिनकी मृत्यु दिनांक 28/2/1980/ को हो चुकी है वारसानों के द्वारा नामांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 17/2/23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता क माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 31/1/2023
पेशी दिनांक - 17/2/2023

तहसीलदार
अधारताल, जबलपुर

# 220 सीनियर तहसीलदार बनेंगे डिप्टी कलेक्टर

## 173 नायब तहसीलदारों को भी प्रभार मिलेगा, 25 फरवरी के बाद आएगी लिस्ट

**भोपाल,यशभारत।** मध्यप्रदेश सरकार 220 सीनियर तहसीलदारों को कार्यवाहक डिप्टी कलेक्टर बनाने जा रही है। इसकी फाइल भी. रही है। संभवत:25 फरवरी के बाद लिस्ट आ सकती है। ये तहसीलदार पिछले 7 साल से प्रमोशन का इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 1999 से 2008 के बीच के तहसीलदार इस क्राइटेरिया में आ रहे हैं। जिनकी विभागीय जांच चल रही है, वे डिप्टी कलेक्टर नहीं बन पाएंगे। इधर, कुल 173 नायब तहसीलदारों को भी तहसीलदार का प्रभार दिए जाने की प्रोसेस चल रही है।

बता दें कि मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी संघ पिछले एक साल से पुलिस विभाग की तर्ज पर तहसीलदारों को प्रमोशन देने की मांग उठा रहा है। इसे लेकर ष्टरू मंत्री से गुहार लगाई जा रही थी। इसके बाद सरकार स्तर पर प्रोसेस शुरू की गई, जो अब अंतिम दौर में है। बताया जा रहा है कि जीएडी (सामान्य प्रशासन विभाग) में फाइल दौड़ रही है।

### ये क्राइटेरिया तय, विभागीय जांच वालों को मौका नहीं

1-वर्ष 1999 से 2008 के बीच जो नायब तहसीलदार बने और फिर तहसीलदार के पद पर पदोन्नत हुए, लेकिन इसके बाद उन्हें प्रमोशन नहीं मिला।

2-उन तहसीलदारों को कार्यवाहक डिप्टी कलेक्टर नहीं बनाया जाएगा, जिन पर जांच चल रही हो। यानि, ऐसे तहसीलदारों को मौका नहीं मिलेगा।



### प्रमोशन का इंतजार कर रहे

मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी संघ की मानें तो वर्ष 1999 से 2008 के बीच एमपी पीएससी के जरिए नायब तहसीलदारों की भर्ती की गई थी, लेकिन उन्हें प्रमोशन नहीं मिला। यदि नियम के अनुसार प्रमोशन होता तो दो बार पदोन्नति हो जाती। अब तक वे जॉइंट कलेक्टर बन चुके होते, लेकिन पदोन्नति रुकने के कारण डिप्टी कलेक्टर भी नहीं बन सके। वर्तमान में 220 तहसीलदार हैं, जो पदोन्नति का रास्ता देख रहे हैं। इनमें से कई ऐसे भी हैं, जिन पर विभागीय जांच लंबित है।

### तहसीलदार की कुर्सी पर बैठेंगे नायब तहसीलदार

तहसीलदारों की कुर्सी खाली होने के बाद नायब तहसीलदारों को कार्यवाहक तहसीलदार बनाया जा रहा है। इसकी फाइल भी दौड़ रही है। इनकी संख्या 173 बताई जा रही है। संभवत- सीनियर तहसीलदारों की कार्यवाहक डिप्टी कलेक्टर बनाए जाने वाली लिस्ट के साथ ही नायब तहसीलदारों के कार्यवाहक तहसीलदार बनाने की लिस्ट भी आ सकती है।

### आरआई को नायब तहसीलदार बनाने की प्रोसेस भी जारी

इधर, एक बार फिर (राजस्व निरीक्षक) को नायब तहसीलदार बनाने की प्रोसेस भी जारी है। पिछले साल अक्टूबर में प्रस्ताव भी बन चुका है। जिसमें क्राइटेरिया भी तय हो चुका है। बता दें कि प्रदेश में अभी तक की स्थिति में नायब तहसीलदार के कुल 1242 पद मंजूर हैं। इनमें करीब 504 पद रिक्त यानी खाली है। दूसरी ओर, सीनियर नायब तहसीलदारों को तहसीलदार का प्रभार दिया जा रहा है। ऐसे में पद और भी खाली होंगे। इसलिए राजस्व निरीक्षकों के जरिए कुर्सी भरी जाएगी।

### पहले पांच बार दी जा चुकी है शक्ति

इससे पहले पांच बार राजस्व निरीक्षकों को नायब तहसीलदार की शक्तियां दी जा चुकी हैं। सबसे पहले 12 मई 2016 को शक्तियां दी गई थी। इसके बाद 6 जून 2016, 1 जुलाई 2016, 16 मार्च 2017 और 2 जून 2017 को भी राजस्व निरीक्षकों को नायब तहसीलदार बनाया गया था।

मप्र कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के विरोध के बाद 10 फरवरी 2020 को प्रभारी नायब तहसीलदारों को फिर से उनके मूल पद पर भेज दिया गया था।

### नायब तहसीलदार बनने के लिए ये क्राइटेरिया तय

- ऐसे राजस्व निरीक्षक जिन्होंने पद पर 5 साल की सेवा पूरी कर ली हो।
- पांच वर्ष यानी वर्ष 2017 से 2021 तक के गोपनीय प्रतिवेदन होना चाहिए। समग्र मूल्यांकन का योग कम से कम 10 अंक हो।
- गोपनीय प्रतिवेदन में किसी में भी मूल्यांकन औसत से कम अर्थात घटिया श्रेणी का नहीं होना चाहिए।
- कोई विभागीय जांच, अनुशासनात्मक कार्रवाई, लोकायुक्त समेत अन्य कोई केस या फिर दंड का प्रभाव समाप्त नहीं हुआ है, तो संबंधित पात्र नहीं होगा।

# मोटे अनाज को बढ़ावा देने में मध्य प्रदेश आगे :मुख्यमंत्री

**भोपाल, यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुसार मध्य प्रदेश मिलेट्स (मोटे अनाज) च्श्री अन्न को ब?ावा देने में आगे है। आयरन और विटामिन से भरपूर प्रदेश के गेहूं, मोटे अनाज के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को मीडिया से चर्चा में कही। उन्होंने कहा कि इस क्रम में एम्स भोपाल में भी मरीजों के लिए तैयार किए जाने वाले भोजन में मोटे अनाज को शामिल करने की पहल हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्य प्रदेश का तेजस या कठिया गेहूं, कई राज्यों में जाता है। शक्तिवर्धक है, पास्ता बनाने में भी इसका उपयोग होता है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में इसकी अधिक मांग है। हाल ही में इंदौर में जी-20 की कृषि समूह की बैठक में भी प्रतिभागियों को मोटे अनाज से बने व्यंजन परोसे गए हैं। चौहान बताते हैं कि अनुसंधान में यह निष्कर्ष निकला है कि मधुमेह, मोटापा, रक्तचाप आदि समस्याओं को नियंत्रित करने में मोटे अनाजों का विशेष महत्व है।

### उज्जैन में शिव ज्योति अर्पणम 2023 की तैयारी

मुख्यमंत्री ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर उज्जैन में च्शिव ज्योति अर्पणम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके तहत रिकार्ड 21 लाख दीपक प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। क्षिप्रा नदी के घाट, अनेक मंदिर और घर-घर दीपक जलाए जाएंगे। जनता की व्यापक भागीदारी के इस कार्य में नया विश्व रिकार्ड बनने की संभावना है।

### 20 हजार से अधिक कार्यों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने बताया कि विकास यात्राओं से जनकल्याण हो रहा है। ये यात्राएं कामयाब हुई हैं। प्रदेश में अब तक 20 हजार 606 विकास कार्यों का लोकार्पण हुआ है। इसी तरह 15 हजार 457 भूमिपूजन भी हुए हैं। मध्य प्रदेश में पांच फरवरी से प्रारंभ हुई विकास यात्राओं में प्रत्येक जिले में विकासात्मक गतिविधियां चल रही हैं। अनेक नवाचार भी हो रहे हैं। देवास जिले में च्मेरा स्कूल-स्मार्ट स्कूलज्ज अभियान में करीब 1700 प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में स्मार्ट कक्षाओं के संचालन का संकल्प ऐसा ही उदाहरण है।

# कूनो में चीता मित्रों से संवाद करेंगे मुख्यमंत्री

**भोपाल ,ईएमएस।** दक्षिण अफ्रीका से शनिवार को कूनो नेशनल पार्क लाए जा रहे 12 चीतों का स्वागत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव करेंगे।



मुख्यमंत्री शनिवार सुबह 10.30 बजे पार्क पहुंचेंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री शुक्रवार की शाम को ही पार्क पहुंच जाएंगे। चीते लेकर वायु सेना का हेलिकाप्टर शनिवार सुबह 11.30 बजे पार्क पहुंचेगा और दोपहर 12.30 बजे सभी चीतों को लकड़ी के बाक्स से क्वारंटाइन बाड़ों में छोड़ा जाएगा।मुख्यमंत्री आवास पर गुरुवार देर शाम हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने चीतों के आगमन की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री इस मौके पर चीता मित्रों से संवाद भी करेंगे। बैठक में अपर मुख्य सचिव वन जेएन कंसोटिया, वन बल प्रमुख आरके गुप्ता, ग्वालियर के संभागायुक्त, श्योपुर कलेक्टर, पार्क के संचालक सहित अन्य अधिकारी वर्चुअल शामिल हुए। इस कार्यक्रम में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के भी शामिल होने की संभावना है। हालांकि वन विभाग को अब तक उनके आने की सहमति प्राप्त नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से कूनो लाए गए सभी चीते पूरी तरह से स्वस्थ हैं। वे बताते हैं कि 18 फरवरी को 12 चीते दक्षिण अफ्रीका से लाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने दशकों पहले भारत से विलुप्त चीतों के पुनर्स्थापन की पहल की। इससे मध्य प्रदेश को देश का चीता स्टेट बनने का गौरव हासिल हुआ है और राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में परिवर्तन और क्षेत्र का अधोसंरचनात्मक विकास हो रहा है। पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं।

# मध्य प्रदेश में पांच मार्च से भरे जाएंगे लाड़ली बहना योजना के फार्म

**भोपाल यशभारत।** सीहोर जिले में आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में वर्चुअल शामिल हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लाड़ली बहना योजना भाई का बहनों के लिए स्नेह और उपहार है। योजना बहनों की सहायता के लिए लागू की जा रही है और पांच मार्च से इसके फार्म भरे जाएंगे। मुख्यमंत्री जिले के ग्राम खैरी सिलगेना में शिवशक्ति यज्ञ, महाशिवरात्रि महोत्सव 2023, शिव महापुराण कथा और ग्राम आम्बा में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं नानी बाई का मायरा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ला?ली बहना योजना में बहनों को प्रतिमाह एक हजार रुपये प्राप्त होंगे। सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी और सामाजिक कार्यकर्ता फार्म भरवाएंगे। योजना के लिए विधिवत चयन की प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के बाद बहनों को जून 2023 से राशि मिलनी प्रारंभ हो जाएगी।

## नियमों में संशोधन करेगी मध्य प्रदेश सरकार

# अब उन्हीं को पट्टा मिलेगा, जिन्हें पहले कभी भूमि नहीं दी गई हो

**भोपाल,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में सरकारी भूमि पर 31 दिसंबर, 2020 तक काबिज लोगों को आवासीय पट्टे देने की घोषणा की है। इसके बाद एक बार फिर नगरीय निकायों में सरकारी भूमि पर कब्जे होने लगे हैं। इसे देखते हुए वर्ष 2020 के लिए किए जाने वाले सर्वे में नए प्रावधान जोड़े जा रहे हैं।राज्य सरकार सरकारी भूमि पर आवासहीनों को पट्टा देने के नियमों में संशोधन करने जा रही है। अब उन्हीं लोगों को पट्टा दिया जाएगा, जिन्हें पहले कभी पट्टे की भूमि नहीं दी गई हो। इसके लिए सर्वे करवाया जाएगा और यह देखा जाएगा कि संबंधित ने पहले पट्टा लिया है या नहीं। यदि पट्टा लिया है, तो भूमि बेच तो नहीं दी। पड़ताल में ऐसा पाया जाता है, तो उसे पट्टा नहीं मिलेगा। विभाग ने सर्वे की तैयारी पूरी कर ली है। अब कैबिनेट की अनुमति का इंतजार है। यह मिलते ही 31 दिसंबर, 2020 तक सरकारी भूमि पर काबिज लोगों का सर्वे शुरू हो जाएगा।



बता दें कि पट्टा माफिया बार-बार भूखंड ले लेते हैं और उस भूमि को या उस पर मकान बनाकर बेच देते हैं और फिर आवासहीन बनकर पट्टे की मांग शुरू कर देते हैं। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के सूत्र बताते हैं कि इस बार सर्वे के दौरान यह देखा जाएगा कि किसी ने पहले से तो पट्टा नहीं ले रखा है। इसके लिए उसका आधार नंबर लेकर सर्च किया जा सकता है। इतना ही नहीं, सर्वे के दौरान आसपास के लोगों से भी बात की जाएगी। इससे यह भी पता चलेगा कि पट्टे की भूमि किराए पर दी है या किसी को ट्रांसफर की है। ऐसे मामलों में विभाग संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी करेगा। ऐसे लोगों से पूर्व में दिया गया पट्टा भी वापस लिया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सरकार ने 31 दिसंबर, 2014 तक सरकारी भूमि पर काबिज होने वालों को पट्टे दिए थे। विधानसभा चुनाव 2018 के पहले मुख्यमंत्री ने 31 दिसंबर 2018 तक सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों को पट्टा देने की घोषणा की थी। इन्हें पिछले साल पट्टे दिए गए हैं। भाजपा प्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में विकास यात्रा निकाल रही है। इसमें भी आवासहीन-भूमिहीनों को पट्टा देने की घोषणा की जा रही है। ऐसे लोगों के प्रकरण मौके पर भी स्वीकृत भी किए जा रहे हैं। शहरों में झुग्गी माफिया सक्रिय हैं, जो सौ रुपये के स्टांप पर अपनी झुग्गी बेच देते हैं और नए स्थान पर फिर एक झुग्गी खड़ी कर लेते हैं। कई मामलों में लोगों ने दान पत्र लिखकर झुग्गी बेच दी।

# ट्रक से टकराई निजी स्कूल बस, टल गया बड़ा हादसा

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी के उपनगर बैरागढ में गुरुवार दोपहर बच्चों को स्कूल से घर छोड़ने जा रही एक निजी स्कूल बस ट्रक से टकरा गई। बस ड्राइवर ने समय रहते तेज ब्रेक लगाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि अचानक ब्रेक लगने की वजह बच्चे बस के अंदर ही सीट से उछलकर गिर पड़े। गनीमत रही कि किसी को ज्यादा चोट नहीं आई है। बस कैंपियन स्कूल की थी।बैरागढ़ के सीहोर नाका विसर्जन घाट से कुछ ही दूरी पर यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार स्कूल बस अचानक अनियंत्रित हो गई। पुलिस के अनुसार घटना में किसी बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई। दो-तीन बच्चों को मामूली खरोच आई है।हादसे में किसी बच्चे को चोट नहीं आई, लेकिन बच्चे घबरा गए और जोर-जोर से चिल्लाने लगे। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्होंने बच्चों को बस से बाहर निकाला। कुछ बच्चों ने पुलिस को बताया कि हादसे के वक्त बस ड्राइवर मोबाइल पर बात कर रहा था। उसने अपने कान में ईयरफोन लगा रखे थे। घटना की खबर मिलते ही स्कूल प्रबंधन व अभिभावक मौके पर पहुंचे। बच्चों को बस से उतारकर मैजिक वाहनों से उनके घर तक पहुंचाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# भाई को मारने की धमकी देकर नाबालिग को अगवा किया, बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

**भोपाल, ईएमएस।** राजधानी के बिलखिरिया इलाके में रहने वाले युवक ने किशोरी को उसके भाई को मारने की धमकी दी तथा उसे जबरन बाइक पर बैठाकर अगवा कर लिया। अपने एक दोस्त की मदद से उसने तीन दिन तक किशोरी को अयोध्या नगर के नरेला शंकरी में एक कमरे में बंधक बनाकर रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। इधर, किशोरी के तलाश कर रहे उसके परिजनों नें बुधवार को उसे ढूंढ़ लिया। इसके बाद थाने जाकर मामले की शिकायत कर दी। पुलिस ने अगवा कर बंधक बनाने व दुष्कर्म बनाने का प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपितों को हिरासत में ले लिया है। इस मामले में दुष्कर्म करने वाले युवक के दोस्त को भी सह-



आरोपित बनाया है, उसने आरोपित के लिए कमरे का इंतजाम किया था।बिलखिरिया थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी के मुताबिक 16 वर्षीय किशोरी इलाके के एक गांव में रहती है। उसने दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी। इसके बाद वह घर में ही रहती है। इसी गांव में रहने वाले एक युवक से जान-पहचान थी। 11 फरवरी को युवक ने किशोरी को मिलने के लिए बुलाया। किशोरी जब उसके पास पहुंची तो युवक ने भाई को जान से मारने की धमकी देकर किशोरी को जबरन अपनी बाइक पर बैठा लिया। वह उसे लेकर नरेला शंकरी इलाके में गया। यहां पर युवक के दोस्त ने एक कमरे की व्यवस्था कर रखी थी। युवक ने इसी कमरे में किशोरी को बंधकर बनाकर रखा। इस दौरान उसने नाबालिग के साथ तीन दिन तक दुष्कर्म किया। इधर, किशोरी के गायब होने की सूचना उसके परिजनों ने पुलिस को नहीं दी थी। उन्हें उक्त युवक पर ही संदेह था, इसलिए वह अपनी बेटी और उस युवक की तलाश कर रहे थे। दो दिन पहले परिजनों को किशोरी को ढूंढ़ा व अपने घर ले आए। उन्होंने जब किशोरी से पूरी बात पूछी तो उसे अगवा करने व दुष्कर्म की बात बताई। मामले की शिकायत पुलिस को कर दी गई।

# पहली बार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को बनाया डीओ, मिलावटखोरों पर सीधे होगी कार्रवाई

**भोपाल यशभारत।** मध्यप्रदेश में पहली बार अभिहित अधिकारी (डीओ) के पद पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। भोपाल में वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर देवेंद्र वर्मा को नियुक्त किया है। अभी तक अस्थायी तौर पर डीओ के पद पर डिप्टी कलेक्टरों की नियुक्ति की जाती थी, जो कि खाद्य सुरक्षा की टीम के साथ आमतौर पर मैदान में नहीं जा पाते थे और न ही जांच में शामिल होते थे। जिसकी वजह से कार्रवाई की जिम्मेदारी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों पर ही रहती थी और ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती थी।स्थायी तौर पर नियुक्ति होने से यह मैदानी तौर पर कार्य कर सकेंगे। अनुभव होने के कारण मिलावट पर सख्ती के साथ कार्रवाई होगी। नियुक्ति आदेश आयुक्त खाद्य सुरक्षा डा. सुदाम खाड़े ने जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि इस पद के लिए कम से कम सात वर्ष का अनुभव होना चाहिए। इसी वजह से सिर्फ छह एफएसओ को नियुक्ति दी गई है।दरअसल 10 साल से मध्यप्रदेश में डिप्टी कलेक्टरों और सीएमएचओ को प्रभारी अभिहित अधिकारी ही नियुक्त किया जा रहा था। इसे लेकर पूर्व में बार-बार एफएसएसएआइ फुल टाइम डीओ तैनात करने के निर्देश भी दे चुका था, लेकिन इस पर कभी अमल नहीं हो सका। इस संबंध में जनवरी माह में केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी करते हुए सभी राज्यों में डीओ के पद पर स्थायी नियुक्ति करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद से ही डीओ नियुक्त का रास्ता साफ हो गया था।



## दो पुलिस आरक्षकों ने व्यापारी को कार में बैठाया

# पिस्टल तानी और 5.50 लाख रुपये लूटे

**भोपाल यशभारत।** कोलार थाने के दो आरक्षकों ने गुंडे बदमाशों की तरह अपने दो साथियों के साथ एक ज्वेलर्स को जबरन कार में बैठाया और अड़ीबाजी कर उससे 5.50 लाख रुपये हड़प लिए। इसके बाद व्यापारी ने पूरे मामले की शिकायत गृहमंत्री, डीजीपी व पुलिस आयुक्त से कर दी थी।जांच के बाद पुलिस आयुक्त ने दोनों को निलंबित कर उनके खिलाफ कोलार थाने में एफआइआर दर्ज करा दी है। पुलिस आयुक्त प्रणाली के लागू होने के बाद पुलिस कर्मियों के विरुद्ध की गई अब तक की यह सबसे बड़ी कार्रवाई है।जानकारी के मुताबिक मां पार्वती नगर कोलार निवासी गौरव जैन (38) ज्वेलर्स हैं। इसके अलावा मसाले का कारोबार भी करते हैं। मंगलवार को वह कटिंग कराने के बाद दोपहर तीन बजे घर लौट रहे थे तभी रास्ते में उनके वाहन को एक कार ने ओवरटेक कर रोक लिया। कार से कोलार थाने के आरक्षक देवेंद्र श्रीवास्तव और



रोहित शर्मा निकले। उनके साथ में दो अन्य साथी भी थे। इन लोगों ने मिलकर गौरव पर पिस्टल तानकर फिल्मी स्टाइल में हाथ ऊपर कर कार में बैठने के लिए कहा और धमकी देने लगे की तुम्हारा पुराना वारंट निकला है। इसमें तीन और चार माह तक जमानत नहीं होगी। दस लाख में मामला रफादफा करने की बात की इस पर गौरव ने उसे थाने लेकर चलने के लिए कहा, लेकिन दोनों सिपाही और चारों लोग उससे 10 लाख रुपये में मामले को रफादफा करने की बात कहने लगे। जब उसने मना किया तो वह उसे चूनाभट्टी से कलियासोत डैम की तरफ ले गए। बाद में चारों ने मिलकर कारोबारी के साथ कार के अंदर लात घूंसों से मारपीट की। बाद में पिस्टल दिखाकर उसे जान से मारने की धमकी देने लगे। इससे वह डर गया और पांच लाख रुपये देने की हामी भर दी। गौरव जैन ने अपने दोस्त से पांच लाख रुपये मांगकर चारों लोगों को दे दिए। पांच लाख लेने के बाद आरोपित उसे एक बार फिर से कार में ही पालीटेक्निक चौराहा ले गए। जहां पर दोनों के साथी उतर गए।कोलार थाने के आरक्षक देवेंद्र और रोहित ने गौरव से कहा कि यह दोनों अलग शाखा के लोग हैं, उसके बाद देवेंद्र और रोहित ने एक लाख रुपये और मांगे। बाद में इन दोनों को व्यापारी अपने घर ले गया और पत्नी से 50 हजार रुपये लेकर इन दोनों पुलिसकर्मियों को दिए। इसके बाद भी दोनों 50 हजार रुपये और मांगने लगे। इतना ही नहीं, व्यापारी ने मना किया तो उस पर पिस्टल तानकर एनकाउंटर करने की धमकी देकर चले गए।

# 19 फरवरी को पूरे प्रदेश में होगा पौध-रोपण

## प्रमुख सचिव पर्यावरण ने सभी संभागायुक्त और जिला कलेक्टर्स को सामुदायिक पौध-रोपण की तैयारियों के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया

***भोपाल,यशभारत।** अंकुर अभियान में 19 फरवरी 2023 को पूरे प्रदेश में पौध-रोपण किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पर्यावरण-संरक्षण और वातावरण में ऑक्सीजन की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से 19 फरवरी 2021 को प्रतिदिन पौध-रोपण करने का संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री श्री चौहान का यह संकल्प अविरल जारी है। लोग और संस्थाएँ भी उनके इस महान उद्देश्य में जुड़ते जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान की उपस्थिति में पर्यावरण विभाग का राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल में होगा। इसमें मुख्यमंत्री के साथ अंकुर अभियान में पौध-रोपण करने वालों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। इस दिन विकास यात्रा के आरंभ स्थल पर सामुदायिक पौध-रोपण, ग्राम पंचायतों के चिन्हित स्थान और स्कूल-कॉलेजों में पौध-रोपण के निर्देश दिए गए हैं।प्रमुख सचिव पर्यावरण श्री गुलशन बामरा ने सभी संभागायुक्त और जिला कलेक्टर्स को सामुदायिक पौध-रोपण की तैयारियों के संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। आम लोगों को पौध-रोपण की सुविधा के लिए उपयुक्त स्थानों का चिन्हांकन और पौध-रोपण के लिए सभी आवश्यक सुविधाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं।



### वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ चला रहा 11 दिवसीय हस्ताक्षर अभियान

# केन्द्र व राज्य सरकारों के गले की फांस बनता जा रहा पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा



**जबलपुर यश भारत।** न्यू पेंशन स्कीम को रद्द कर पुरानी पेंशन स्कीम बहाली का मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्र व राज्य सरकारों के गले की फांस बनता जा रहा है। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री अशोक शर्मा व संघ प्रवक्ता व संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार ने बताया कि NC/JCM नेता डॉ एम. राघवैया के निर्देशानुसार नेशनल पेंशन स्कीम के विरूद्ध वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा जबलपुर जोनल रेलवे के जबलपुर, भोपाल तथा कोटा मंडलो में स्थित सभी कारखानों, एसी व डीजल शैडो, डिपो, शाखा, मंडल तथा मुख्यालय स्तर पर एक साथ महामहिम राष्ट्रपति को रेल कर्मचारियों की संयुक्त हस्ताक्षरित याचिका प्रेषित करने हेतु 10 फरवरी 2023 से शुरू 11 दिवसीय हस्ताक्षर महाअभियान से जोर पकड़ लिया है।पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल, कोटा, जबलपुर, कटनी दमोह, सागर, सतना, रीवा, बीना, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, विदिशा, गुना, गंगापुरसिटी, सवाईमाधोपुर, तुगलकाबाद बयाना आदि स्टेशनो पर रेल कर्मचारियो की भारी भीड़ संघ के हस्ताक्षर अभियान का हिस्सा बन रहे है। इस दौरान संघ के प्रतिनिधि रेल कर्मचारी साथियों से एनपीएस रद्द कर पुरानी पेंशन स्कीम ( ओपीएस ) बहाली के मांग पत्र पर लगभग 30000 रेल कर्मियो ने हस्ताक्षर कर महामहिम राष्ट्रपति से OPS बहाली की याचिका की।

#### इनका रहा सराहनीय योगदान

संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अनुज तिवारी, मंडल अध्यक्ष एसएन शुक्ला, मंडल सचिव डीपी अग्रवाल, सहायक महामंत्री अवधेश तिवारी, दीना यादव, जेपी मीना, आरए सिंह, दीपक केसरी, एसआर बाउरी, रोशन यादव, हर्ष वर्मा, संजय चौधरी, तरूण बत्रा, मंदीप सिंह, अनिल चौबे, धर्मेन्द्र चौधरी, वाबी धौलपुरे आदि ने इस महाअभियान में बढ़ चढ़ कर योगदान दिया।

# दस माह में पमरे का ओरिजनेटिंग रेवेन्यू 64 अरब 11 करोड़ 11 लाख रूपये

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में और प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में तथा तीनों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधक के नेतृत्व में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य/परिचालन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

इसी तारतम्य में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करने के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष के अप्रैल 2022 से जनवरी 2023 तक में पमरे को कुल रुपये 6411 करोड़ 11 लाख का ओरिजनेटिंग रेवेन्यू प्राप्त हुआ, जो विगत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व रुपये 4656 करोड़ 12 लाख से लगभग 38 प्रतिशत अधिक है जबकि पमरे को अकेले जनवरी 2023 में 700 करोड़ 99 लाख रूपये का ओरिजनेटिंग रेवेन्यू प्राप्त हुआ।

#### दस महीनों में मण्डल स्तर पर ओरिजनेटिंग रेवेन्यू परफॉरमेंस इस प्रकार है

जबलपुर मण्डल इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल 2022 से जनवरी 2023 तक मण्डल को कुल रुपये 3483.05 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जो गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व रुपये 2528.42 करोड़ से लगभग 38 प्रतिशत अधिक है, जबकि अकेले जनवरी माह में 376.31 करोड़ रूपये का ओरिजनेटिंग रेवेन्यू प्राप्त हुआ एवं भोपाल मंडल में इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल 2022 से जनवरी 2023 तक मण्डल को कुल रुपये 1644.70 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जो गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व रुपये 1132.55 करोड़ से 45 प्रतिशत अधिक है, जबकि अकेले जनवरी माह में 189.88 करोड़ रूपये का ओरिजनेटिंग रेवेन्यू प्राप्त हुआ इसी तरह से कोटा मण्डल में इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल 2022 से जनवरी 2023 तक मण्डल को कुल रुपये 1283.36 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जो गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व रुपये 995.15 करोड़ से लगभग 29 प्रतिशत अधिक है जबकि अकेले जनवरी माह में 134.80 करोड़ रूपये का ओरिजनेटिंग रेवेन्यू प्राप्त हुआ। इसके अलावा पश्चिम मध्य रेलवे तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के अधोसंरचनात्मक कार्यों को गति प्रदान करते हुए तथा यात्री सुविधाओं में उत्तरोत्तर विकास करते हुए रेलवे राजस्व वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

## जबलपुर - कोयम्बटूर ट्रेन के फेरे बढने के साथ ही शक्तिपुंज का चार दिनों के लिए मार्ग बदला



**जबलपुर यशभारत।**जबलपुर रेल मंडल की दो यात्री गाडियों के संचालन में रेल प्रशासन द्वारा रद्दो बदल किया गया है. इसके तहत जहाँ जबलपुर -कोयम्बटूर ट्रेन की अवधि में तीन माह की वृद्धि की गयी है वही शक्तिपुंज को चार दिनों तक बदले मार्ग से चलाया जायेगा. इस सम्बन्ध में सीनियर डी सी एम विश्व रंजन ने बताया कि साप्ताहिक ट्रेन के रूप में शुक्रवार को जबलपुर से चलकर इटारसी,भुसावल,पनवेल ,थिविम ,मडगाँव, कोज़ीकोट होकर कोयम्बटूर जाने वाली ट्रेन न. 02198 के संचालन की अवधि को 31 मार्च 2023 से बढाकर 02 जून तक विस्तारित किया गया है. वापसी में भी इस ट्रेन न. 021987 का संचालन भी 05 जून तक किया गया है. इसी तरह जबलपुर से कटनी,सिंगरौली,चौपन होकर हावड़ा जाने वाली शक्तिपुंज एक्सप्रेस न.11447 को आगामी 24 फ़रवरी से 27 फ़रवरी तक परिवर्तित मार्ग जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज,दीनदयाल उपाध्याय,डेयरी आन सन मार्ग से हावड़ा तक चलाया जायेगा. उक्त अवधि में वापसी की यह ट्रेन न.11448 भी उक्त परिवर्तित मार्ग से ही चलेगी.

# मौका मिलते ही देते थे लूट व चोरी की वारदात को अंजाम

**जबलपुर यश भारत।** मुख्य रेलवे स्टेशन में मौका मिलते ही लूट एवं चोरी की वारदात अंजाम देने वाले तीन शातिर बदमाशों को जीआरपी ने उस समय घेराबंदी कर अपनी गिरफ्त में ले लिया जब लूट के दो आरोपी बीती रात किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने के लिए स्टेशन में घूम रहे थे जैसे ही जीआरपी टीम की नजर शातिर बदमाशों पर पड़ी तो उन्होंने मौके से भागने का प्रयास किया जिन्हें बाद में घेराबंदी कर दबोच लिया गया पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ करने पर उनकी निशानदेही पर एक और आरोपी को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार करने में जीआरपी को बड़ी सफलता हाथ लगी उक्त कार्रवाई डीएसपी रविंद्र कुमार गौतम एवं डीएसपी लोकेश मार्को के निर्देशन पर जीआरपी थाना प्रभारी एल पी कश्यप एएसआई आर्यन शुक्ला एएसआई सुशील सिंह केके तिवारी अरुण तिवारी नारायण मिश्रा श्रीराम यादव एवं गजराज सिंह द्वारा की गई। इस संबंध में जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार सिंधी कैंप हनुमान ताल निवासी 20 वर्षीय वेदांत नामदेव पिता गोपाल दास नामदेव 21 वर्षीय टलगत मोहल्ला हनुमान ताल निवासी 21 वर्षीय मदुसिर उस्मानी पितर रजा उस्मानी विगत 15 फरवरी को मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 की टिकट विंडो पर एक यात्री का पर्स लूटकर मौके से फरार हो गए थे पर्स के अंदर यात्री के पांच हजार रुपए एवं अन्य जरूरी कागजात रखे हुए थे उक्त मामले की रिपोर्ट पीड़ित द्वारा जीआरपी में दर्ज कराई गई थी जिसके बाद जीआरपी ने वेदांत नामदेव एवं मुदासिर उस्मानी को प्लेटफार्म नंबर 6 से गिरफ्तार कर जब उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने अपराध करना स्वीकार किया इसी तरह से 14 फरवरी को मदार छल्ला लाल बहादुर शास्त्री नगर का रहने वाला 22 वर्षीय जफर अंसारी पिता खुर्शीद अंसारी ने प्लेटफार्म नंबर 6 की टिकट विंडो के पास से एक यात्री का मोबाइल चोरी कर मौके से फरार हो गया था पकड़े गए दोनों बदमाशों से पूछताछ करने पर उन्होंने जफर अंसारी का ठिकाना बताया जिसके बाद जीआरपी मौके पर पहुंची और जफर को गिरफ्तार कर तीनों के पास से लूट एवं चोरी का माशुरुका जप्त किया गया जीआरपी द्वारा पकड़े गए तीनों आरोपियों से अन्य मामलों में भी पूछताछ करने में लगी हुई है जिनसे और भी मामला का खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है।



**शातिर बदमाशों को जीआरपी ने स्टेशन से दबोचा**

# अनाधिकृत वेण्डरों के विरूद्ध आरपीएफ ने कसा शिकंजा




**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल में रेल सुरक्षा बल द्वारा अनाधिकृत वेण्डरों के विरूद्ध समय-समय पर विशेष अभियान चलाया जाता है। इसी शृंखला में मण्डल रेल प्रबधक जबलपुर विवेक शील के कुशल मार्ग दर्शन और वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में एवं पर्यवेक्षण में वाणिज्य विभाग से समन्वय करते हुये वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त के नेतृत्व में रेल सुरक्षा बल जबलपुर मण्डल द्वारा अलग-अलग स्टेशनो पर अवैध वेण्डरो पर कठोर कार्यवाही करने हेतु विशेष टीमो का गठन मण्डल स्तर पर किया गया है। जिसमे विशेष टीमों एवं पोस्टों द्वारा जबलपुर मण्डल के क्षेत्राधिकार मे जबलपुर-इटारसी, जबलपुर-कटनी, कटनी-सागर, कटनी-मानिकपुर मे प्रभावित यात्री गाडियों को चिन्हित कर एवं जबलपुर, कटनी, सतना, सागर स्टेशनों पर विशेष निगरानी रखते हुये यात्री गाड़ियों की चैकिंग करते हुये विशेष अभियान के दौरान यात्री गाडियों मे विगत 4 दिनों में कुल 140 अवैध वेण्डरो के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 144 एवं 137 के तहत प्रकरण दर्ज कर कठोर कार्यवाही हेतु रेलवे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जबलपुर, कटनी, सागर, सतना स्टेशनों पर धरपकड हेतु पोस्ट स्तर पर विशेष टीमो का गठन कर टीमो को आउटर से आउटर एवं स्टेशन, यार्ड पर तैनात किया गया है जो कि गस्त करते हुये लगातार अनाधिकृत वेण्डरो के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर रही है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को अवैध वेण्डरों के विरूद्ध लगातार कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। आरपीएफ जबलपुर मंडल द्वारा अनाधिकृत वेण्डरों के विरूद्ध विशेष अभियान लगातार जारी है।

# नवपदस्थ निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने ग्रहण किया पदभार



**शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2023 में उच्च स्थान दिलाने रहेगा विशेष फोकस**

**जबलपुर,यशभारत।** नगर निगम के नव पदस्थ निगमायुक्त स्वप्निल जी वानखड़े ने गुरुवार को प्रभारी निगमायुक्त शेर सिंह मीणा से अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर जबलपुर के नवनियुक्त आयुक्त श्री वानखड़े ने नगर निगम के अधिकारियों से चर्चा की एवं शहर के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि शासन द्वारा संचालित स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2023 को गति प्रदान करने तथा स्वच्छता में जबलपुर की रैंकिंग सुधारने की दिशा में विशेष प्रयास किया जायेगा। नवनियुक्त निगमायुक्त स्वप्निल जी वानखड़े ने यह भी कहा कि शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ करने, स्वच्छता की रैंकिंग सुधारने के अलावा शहर के नागरिकों को अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ प्रदान करना भी हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा है कि नगर निगम का कार्य नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है इसलिए वे इस दिशा में भी विशेष प्रयास करेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा रीवा में सी.ई.ओ. जिला पंचायत के पद पर पदस्थ रहे आई.ए.एस. अधिकारी स्वप्निल जी वानखड़े को नगर निगम जबलपुर में निगम आयुक्त के पद पर स्थानांतरित किया है। शासन के निर्देशों के अनुरूप उन्होंने आज गुरूवार को जबलपुर पहुंचकर नगर निगम आयुक्त का पदभार ग्रहण किया।

## प्लेटफार्म पर मिला बैग आरपीएफ ने किया यात्री के सुपुर्द

**जबलपुर यशभारत।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा रेलवे संपत्ति, रेल परिसर, यात्रियों और उससे जुड़े मामलों की सुरक्षा की जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने हेतु चौबीसों घंटे सतत कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सराहनीय कार्य करते हुए ऑपरेशन अमानतअभियान के तहत ट्रेन में छूटे सामानों को सुपुर्द किया है। रेल सुरक्षा बल पोस्ट, कटनी के आउट पोस्ट कटनी मुड़वारा को कटनी मुड़वारा स्टेशन पर ड्यूटी के दौरान प्रधान आरक्षक राजेन्द्र तिवारी को एक यात्री का बैग प्लेटफार्म नंबर 5 पर मिला जिसमें मोबाइल चार्जर कुछ पर्सनल सामान था। रेलवे विभाग द्वारा उक्त यात्री बैग के लिए अनाउंसमेंट कराया गया। अनाउंसमेंट सुनाने के बाद एक यात्री उपस्थित हुआ और बताया की मेरे दोस्त का एक बैग जल्दीबजी में प्लेटफार्म पर छूट गया है जिसने पूछताछ में बताया कि मेरा दोस्त नाम मोगिया निवासी जिला सतना जो कि गाड़ी संख्या 12182 के कोच क्क सीट नंबर 33 पर यात्रा कर रहे है। उपस्थित हुए यात्री मोगिया का दोस्त नाम कमल थारवानी निवासी नई बस्ती सरस्वती स्कूल रोड थाना कोतवाली जिला कटनी मध्य प्रदेश द्वारा मोबाईल नंबर से बात करके सम्पूर्ण जानकारी सही पाए जाने दोस्त कमल को देने का आग्रह किया गवाहों के समक्ष लिखा पढ़ी कर यात्री का छूटा बैग कीमत रूपये 5000/- सौंपा गया। आरपीएफ की कार्रवाई पर यात्री द्वारा खुशी जाहिर कर प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया।

### स्टेडियम में शिवलिंग निर्माण का आज तीसरा दिन

# पार्थिव शिवलिंग बनाने से मिलती है मन को शांति : तरुण चौबे



**सिहोरा, यशभारत।** पार्थिव शिवलिंग निर्माण करने से जहां हर व्यक्ति के मन को शांति मिलती है वही हर इच्छा पूरी होती है उक्ताशय के विचार ग्रहस्थ संत पंडित तरुण चौबे जी महाराज ने अरुणाभ घोस स्टेडियम में चल रहे चार दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण के दुसरे दिन व्यक्त किए। सुबह से ही लगा भक्तों का तांता सिहोरा में चल रहे पार्थिव शिवलिंग निर्माण के दुसरे दिन भी शंकर जी बनाने सुबह से ही स्टेडियम में भक्तों का तांता लगने लगा था सभी ने भक्ति भाव के साथ शिवलिंग बनाये तथा दोफहर एक बजे महारुद्राभिषेक एंव विधिवत हिरन नदी घाटसिमरिया में विसर्जन प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

#### शिवलिंग निर्माण का आज तीसरा दिन



पंडित तरुण चौबे जी महाराज के सानिध्य में चल रहे पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आज तीसरा दिन है। और आज भी भक्तों की भारी भीड आने की संभावना को देखते हुए जय मातेश्वरी भक्त परिवार सिहोरा जबलपुर ने कोपर रखने के लिए और अधिक टेबल लगाने की बात कही है। अपने तरह अलग आयोजन को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही सरकारें : सांसद

**विकास यात्रा में शामिल हुए सांसद, विधायक एवँ पार्टी पदाधिकारी**

**जबलपुर,यशभारत।** विधानसभा विकास यात्रा के दौरान जबलपुर महानगर की चारो विधानसभा एवँ ग्रामीण की चारो विधानसभा में विकास यात्रा निकाली जा रही है जिसमे जनप्रतिनिधियों के साथ पार्टी पदाधिकारियों एवँ कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सांसद राकेश सिंह ने विकास यात्रा दौरान जबलपुर संसदीय क्षेत्र के पनागर विधानसभा अंतर्गत सुभाष वार्ड के बूथ क्रमांक 41 में एवँ पाटन मझौली विधानसभा अंतर्गत पौंडा मण्डल के ग्राम पंचायत खुडावल (नवीन) एवं कैलवास में आयोजित विकास यात्रा में सम्मिलित होकर भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं लाभान्वित को प्रमाण पत्र वितरित किए। साँसद श्री सिंह ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन की सरकार द्वारा प्रदेश के नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ ही अब उन्हें सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए बड़े कदम उठाये जा रहे हैं। इस अवसर पर विधायक अजय विश्नोई, सुशील तिवारी इंदु, ग्रामीण जिला अध्यक्ष रानू तिवारी के साथ मंडल अध्यक्ष एवँ कार्यकर्ता उपस्थित थे। जबलपुर की चारो विधानसभा में निकाली गई विकास यात्रा में नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, विधायक अशोक रोहाणी, पूर्व विधायक शरद जैन, अंचल सोनकर, हरेन्द्रजीत सिंह, सदानन्द गोडबोले, रिंकू विज, अभिलाष पांडे, शरद अग्रवाल के साथ मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।



# हीरो मोटोकॉर्प ने लॉन्च किया हाई टेक 110 सीसी स्कूटर जूम



**एजेंसी।** मोटरसाइकिल और स्कूटर बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने आज मध्यस प्रदेश के जबलपुर में नया 110 सीसी स्कूटर–जूम लॉन्च किया है। हीरो मोटोकॉर्प स्कूटर की श्रेणी को फिर से परिभाषित कर रही है और इसने स्कूटर सेगमेंट में तकनीक से लैस अपने सफर के नए चरण को पेश किया है। रोजाना के सफर में रोमांच और उत्साह की तलाश करने वाले संभावित उपभोक्ताओं को आकर्षित करने के लिए, जूम को बेहद खूबसूरती और सावधानी से डिजाइन और विकसित किया गया है। जूम स्कूटर उपभोक्ताओं को समकालीन डिजाइन के साथ जबर्दस्त रफ्तार, बेमिसाल चपलता और असाधारण परफॉर्मेंस प्रदान करता है। हीरो मोटोकॉर्प के चीफ ग्रोथ ऑफिसर (सीजीओ) रंजीवजीत सिंह ने कहा पिछले कुछ सालों में हीरो मोटोकॉर्प ने प्रतिष्ठित ब्रैंड लॉन्च किए हैं जिसने देश के लोगों को अपनी और आकर्षित किया है हीरो मोटोकॉर्प का अपने उपभोक्ताओं से बेहतर और मजबूत जुड़ाव है अपने बेमिसाल डिजाइन और हीरो जूम की परफॉर्मेंस से हम अपने सफर में नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। नया हीरो जूम युवा भारत की आवश्यकताओं को गहराई से समझने का नतीजा है। हमने स्कूटर में भविष्य को ध्यान में रखकर नई तकनीक को शामिल करने की प्रतिबद्धता बरकरार रखी है, जो हमारे स्कूटर के पोर्टफोलियो को मजबूती प्रदान करेगी। जो लोग स्कूटर की शानदार सवारी करना चाहते हैं और नए–नए फीचर्स से लैस स्कूटर को अपनाना चाहते हैं, वह निश्चित रूप से हीरो जूम के जबर्दस्त और बोल्ड लुक की ओर आकर्षित होंगे। चीफ टेक्नोलॉजी ऑफीसर डॉ. अरुण जौरा ने कहा नया हीरो जूम भविष्य में आवागमन के साधनों को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता को फिर से स्थापित करता है स्कूटर सेगमेंट में शानदार फीचर्स से लैस स्पोर्ट्स लुक वाले टु–व्हीलर्स के प्रति लोगों का काफी झुकाव देखा गया है यह देखा गया है कि लोग इस तरह के स्कूटर की खरीद को काफी प्राथमिकता दे रहे हैं। हीरो जूम ने भविष्य को ध्यान में रखकर बनाई गई बनावट, इंजीनियरिंग क्षमता और जबर्दस्त परफॉर्मेंस जैसी लोगों की जरूरत के अनुसार विशेषताएं प्रदान कर लोगों के दिलों में अपनी जगह बना ली है। इंडस्ट्री में पहली बार किसी स्कूटर को卐कॉर्नर बेंडिंग लाइट्स卐 से लैस किया गया है। यह स्कूटर अपनी क्रांतिकारी 3 टेक्नो लॉजी, एलईडी हेडलैंप और टेललैंप के साथ ब्लूटुथ कनेक्टिवटी प्रदान करता है। यह तकनीक के लिहाज से काफी बेहतर है हीरो जूम हमारे स्कूटरों के आकर्षक और व्याहपक पोर्टफोलियो में एक और मजबूत संकलन है।

# नुक्कड़ से स्वच्छता के प्रति जागरूकता

**पाटन, यशभारत।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की द्धश्वष्ट गतिविधि के अंतर्गत नगर परिषद द्वारा आई टी आई और नगर के मुख्य चौराहों और वार्डों में नुक्कड़ नाटक का आयोजन नुक्कड़ ग्रीन सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था जबलपुर के द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वच्छता प्रभारी और पार्षद सत्यम मेहरा ने विद्यार्थियों और नगर के लोगो को स्वच्छता के प्रति जन जागरूक किया और घरों से निकलने बाले गीले और सूखे कचरे को डोर टू डोर कचरा वाहन में दिए जाने हेतु नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान की जानकारी प्रदान की कार्यक्रम में आई टी आई के प्राचार्य सी के लंजीवार कृष्ण कुमार पांडेय ब्रजेन्द्र यादव अनुराग प्यासी सत्यम शैलेन्द्र विकास उपस्थित रहे।



## महापौर जगत बहादुर अन्नू व जिला ग्रामीण अध्यक्ष निलेश जैन का भव्य स्वागत



**कुंडम, यशभारत।** कुंडम नगर में जबलपुर के महापौर जगत बहादुर अन्नू एवं जिला ग्रामीण अध्यक्ष निलेश जैन का कुंडम कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने रेस्ट हाउस से बस स्टैंड तक बैंड बाजों के साथ उन्हें मंच तक लाया गया मंच में लाते ही कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद अन्नू भैया जिंदाबाद के नारे लगे साथ ही समस्त नगर वासियों ने महापौर अन्नू भैया से कुंडम तक दो मेट्रो बस चलाने की मांग की अन्नू भैया ने आश्वासन दिया की कुंडम तक जल्द से जल्द मेट्रो बस चलाई जाएगी सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जगत बहादुर अन्नू का आत्मीय स्वागत किया एवं फूल माला पहनाया इस कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक नन्हे लाल धुर्वे जिला सदस्य एकता ठाकुर संदीप सिंघाई पारस जैन विवेक पटेल शिव नामदेव खिलाड़ी सिंह आर्मो संतोष मिश्रा विपिन जायसवाल संदीप साहू आशीष मिश्रा सुशील राय अरविंद साहू नीरज राय रजनीश जायसवाल प्रहलाद झारिया मनीष सोनी मुन्ना मरावी सुकीर्त त्रिपाठी दीपेंद्र मरकाम हरिशंकर शुक्ला भवानी साहू कामता यादव रतन कछवाहा राजकिशोर वेदभान यादव संजय यादव अशोक ठाकुर महिला कांग्रेश मीरा कछवाहा दुर्गा धुर्वे रुकमणी गोटिया सपना जायसवाल प्रताप सिंह लोटन सिंह सतीष सोनी दीपक श्रीवास्तव लकी पहाड़िया हल्के पटवा लक्की सोनी एवं कुंडम के सैकड़ों लोग कांग्रेस कार्यकर्ता एनएसयूआई कार्यकर्ता कांग्रेस महिला कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और सभी ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान था।

# कभी डोपिंग तो कभी फिटनेस, पहले भी कई बार विवादों में रह चुके हैं पृथ्वी शा



**मुंबई , एजेंसी।** पृथ्वी शॉ फिर से विवादों में फंस गए हैं। उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक महिला के साथ हाथापाई करते दिख रहे हैं। पुलिस के मुताबिक यह मामला सेल्फी को लेकर शुरू हुआ था। पृथ्वी के दोस्त ने कुछ लोगों पर पृथ्वी द्वारा सेल्फी न लेने देने पर गाड़ी का शीशा तोड़ने और बेसबॉल बैट से हमला करने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस ने एक को गिरफ्तार भी किया है।हालांकि, इंटरनेट पर इस घटना का कथित वीडियो सामने आने के बाद पृथ्वी भी विवादों में घिरते दिख रहे हैं। वह पहले भी कई बार गलत कारणों से सुर्खियों में रह चुके हैं। कभी डोप टेस्ट तो कभी फिटनेस की वजह से वह चर्चाओं में रह चुके हैं। साल 2019 में बीसीसीआई ने डोपिंग टेस्ट में फेल होने की वजह से पृथ्वी शॉ पर आठ महीने का प्रतिबंध लगा दिया था। विवाद सामने आने के बाद पृथ्वी शॉ ने अपनी सफाई में कहा था कि मैंने गलती से कफ सिरप ले लिया था। उन्होंने कहा था, ‟मेरी तबीयत खराब थी और तभी मैंने पापा को फोन लगाया कि मुझे खांसी, जुकाम है, तो उन्होंने कहा कि एक कफ सिरप ले ले, सब ठीक हो जाएगा। मैंने उस समय गलती ये की कि अपने फीजियो को नहीं बताया जो कि बिल्कुल गलत था।

## मोटापे की वजह से सुर्खियों में रहे

डोप टेस्ट विवाद के बाद पृथ्वी शॉ ने घरेलू क्रिकेट में शानदार वापसी की। लेकिन, उन्हें भारतीय टीम जगह नहीं मिली। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि पृथ्वी को मोटापे के वजह से नजरअंदाज किया जा रहा है। कहा गया कि पृथ्वी मैदान पर अपनी उम्र के हिसाब से काफी धीमे हैं, उन्हें और चुस्ती-फुर्ती की आवश्यकता है।

## फिटनेस टेस्ट में भी फेल रहे थे

भारतीय क्रिकेट में यो-यो टेस्ट पिछले कई वर्षों से चर्चा का विषय बना रहा है। कोरोना से पहले तक टीम इंडिया में चयन के लिए इस टेस्ट को पास करना जरूरी था। कोरोना के समय इसमें ढील दी गई। यो-यो टेस्ट के कारण ही भारतीय खिलाड़ियों की फिटनेस में काफी सुधार देखने को मिला है। हालांकि, आईपीएल के 15वें सीजन से ठीक पहले हार्दिक पंड्या और पृथ्वी शॉ सहित कई भारतीय खिलाड़ियों का यो-यो टेस्ट हुआ था। हार्दिक तो टेस्ट में पास हो गए, लेकिन पृथ्वी फेल हो गए थे। वह मोटापे की वजह से यो-यो टेस्ट भी पास नहीं कर पाए थे। तब वह काफी सुर्खियों में रहे थे।

## वैलेंटाइन डे पर फोटो अपलोड की फिर हटाई

वैलेंटाइन डे के मौके पर इंडियन क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के इंस्टाग्राम हैंडल से एक फोटो शेयर की थी, जिसमें उनके साथ उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड निधि नजर आ रही थीं। पोस्ट में पृथ्वी ने उन्हें वाइफ कहते हुए वैलेंटाइन विश किया था। हालांकि, खास बात ये रही कि उन्होंने वो पोस्ट कुछ देर बाद ही डिलीट कर दिया था। पृथ्वी ने अपने इस पोस्ट सफाई देते हुए कहा है कि ये तस्वीरें उन्होंने नहीं पोस्ट की हैं, किसी ने फोटोज एडिट करके पोस्ट की हैं।



# टीम इंडिया को दिल्ली में नहीं मिला होटल, नोएडा में ठहरना पड़ा

## जी20 समिट और शादियों के कारण बड़े होटल पहले से बुक

**नई दिल्ली , एजेंसी।** टीम इंडिया को दिल्ली में दूसरे टेस्ट से पहले होटल नहीं मिला। इसकी सबसे ब?ी वजह दिल्ली में चल रही त्न20 समिट और शादी का सीजन बनी। टीम इस समय नोएडा के पास होटल लीला में रुकी है। दिल्ली में पहले ही सभी फाइव स्टार होटल बुक हो चुके थे। इस वजह से क्चष्टढ्ढ ने होटल की लोकेशन बदलने का फैसला किया।

### होटल लीला की सुविधाएं अच्छी- क्चष्टढ्ढ

टीम इंडिया आम तौर पर दिल्ली के ताज या ढ्ढञ्जष्ट होटल में ठहरती है, लेकिन इस बार टीम नोएडा के होटल लीला में ठहरी है। न्यूज एजेंसी क्कञ्जढ्ढ के मुताबिक क्चष्टष्टढ्ढ के एक अधिकारी ने कहा, होटल लीला में सुविधाएं बेहतर हैं। हमने जरूरी कारणों की वजह से होटल बदला है।

### विराट कोहली होटल में नहीं ठहरे

विराट कोहली टीम के साथ होटल में नहीं ठहरे हैं। विराट दिल्ली के ही रहने वाले हैं, वे अपने घर पर रुके हुए हैं। बुधवार को प्रैक्टिस के लिए भी कोहली टीम बस के बजाय अपने भाई विकास कोहली की पोर्श कार से अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचे थे। बाद में उसी कार में घर के लिए रवाना भी हो गए थे।

### शुक्रवार से शुरू हुआ दूसरा टेस्ट

दिल्ली के मैदान पर आज से भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है यदि भारतीय टीम इसे जीत लेती है तो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की अपनी दावेदारी मजबूत कर लेगी।

# गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा की हार्ड ट्रेनिंग

## साउथ अफ्रीका में अभ्यास की वीडियो डाली, मिलियन लोगों ने देखी, लिखा- इनसे प्रेरणा मिलती

**पानीपत, ईएमएस।** हरियाणा के पानीपत के गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा हमेशा की तरह इन दिनों भी मैदान में खूब पसीना बहा रहे हैं। कड़ी मेहनत की वीडियो वह ट्वीट कर रहे हैं। जिससे युवाओं को भी प्रेरणा मिल रही है। 15 फरवरी को भी नीरज चोपड़ा ने एक वीडियो ट्वीट की है। ट्वीट के अनुसार वे दक्षिण अफ्रीका के शहर पोटचेफस्ट्रूम में हैं। जहां के मैदान में वे इन दिनों जंपिंग का अभ्यास कर रहे हैं। 24 घंटे से भी कम समय में नीरज की वीडियो को 1 मिलियन से ज्यादा लोगों ने देख लिया है।

### 46 हजार से ज्यादा लाइक

जिसमें 2 हजार से ज्यादा रि-ट्वीट हो गए हैं। इस पर 46 हजार से ज्यादा लाइक मिल चुके हैं। इस वीडियो के कमेंट में काफी यूजर लिख रहे हैं कि उनकी वीडियो हमेशा प्रेरित करती है। इसके लिए धन्यवाद।

### तीन बड़ी प्रतियोगिताओं की कर रहें नीरज तैयारी

दरअसल, नीरज चोपड़ा इस साल होने वाली तीन बड़ी प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी कर रहे हैं। जिसमें वर्ल्ड चैंपियनशिप, एशियाई खेल 2023 और डायमंड लीग का फाइनल शामिल है। हाल ही में जेवलिन थ्रोअर ने पत्रकारों से कहा था कि इस साल जेवलिन में 90 मीटर के आंकड़े को छूने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा की ये एक जादुई आंकड़ा जिस तक कड़ी मेहनत के बाद ही पहुंच पाना संभव होता है। इसी साल होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लेना है। 19 से 27 अगस्त के बीच हंगरी की राजधानी



बुडापेस्ट में वर्ल्ड चैंपियनशिप होगी। चीन के ह्वांगझू में एशियन गेम्स भी है। 2024 में पेरिस ओलिंपिक के लिए भी क्वालिफिकेशन प्रोसेस इसी साल शुरू होना है।

### ये दो प्रतियोगिताएं भी अहम

झारखंड एथलीट्स संघ, रांची में 2023 में 2 बड़े आयोजन करेगा। पहला आयोजन फरवरी में होगा, जबकि दूसरा जुलाई में होगा। फरवरी में मोरहाबादी इंटरनेशनल रेस वॉक चैंपियनशिप और जुलाई में 62वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन होगा। जो कि एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का क्वालिफिकेशन इवेंट होगा।

# ‘मैं परिवार में अलगाव नहीं चाहती थी’ अरबाज के शो में भावुक हुई सौतेली मां हेलन

**मुंबई,ईएमएस।** अरबाज खान इन दिनों अपने चैट शो ‘द इन्विन्सिबल्स विद अरबाज खान की वजह से काफी सुर्खियों में हैं। इस बीच 16 फरवरी को शो के अपकमिंग एपिसोड का टीजर रिलीज किया गया है, जिसमें अरबाज की स्टेप मॉम यानी फेमस डांसर हेलन बतौर गेस्ट पहुंची थीं। वीडियो में हेलन अरबाज से बातचीत करते हुए इमोशनल हो जाती हैं और कहती हैं कि उन्हें अहसास है कि सलीम और उनके रिश्ते का शुरुआती दौर अरबाज की मां सलमा के लिए बेहद बुरा रहा होगा। इतना ही नहीं हेलन कहती हैं कि वो कभी भी फैमिली में अलगाव नहीं चाहती थीं। अपने जमाने की टॉप डांसर कहे जाने वाली हेलन हाल ने चैट शो में अपने, सलीम और सलमा के रिश्तों पर खुलकर बात की।



## सलीम-हेलन ने 1980 में की थी शादी

1950 से 1960 के दशक के बीच हेलन को कई बॉलीवुड प्रोजेक्ट दिलाने में सलीम ने उनकी मदद की थी। कुछ सालों बाद दोनों को प्यार हो गया। 1980 में सलीम और हेलन ने शादी कर ली। उस वक्त सलीम की उम्र 45 और हेलन की उम्र 42 साथ थी। इसके अलावा सलीम 5 बच्चों के पिता भी थे। कहा जाता है कि जब हेलन-सलीम ने शादी का फैसला किया था, तब सलीम के पूरे परिवार ने दोनों विरोध किया था। माना जाता है कि हेलन को कई फिल्में सलीम की वजह से मिली थीं, जिस वजह से आगे चलकर दोनों में नजदीकियां आईं। तमाम मुश्किलों के बाद आज हेलन और सलमा के बीच अच्छे रिश्ते हैं। तमाम मुश्किलों के बाद आज हेलन और सलमा के बीच अच्छे रिश्ते हैं। 1990 में फिल्म फेयर को दिए एक इंटरव्यू में सलमान ने बताया था कि सलीम और हेलन की शादी ने उनकी पहली उनकी मां सलमा को बुरी तरह तोड़ दिया था। उन्होंने ये भी कहा था कि तमाम मुश्किलों के बावजूद हेलन आंटी हमारे परिवार का करीबी का हिस्सा बन गईं।

## बोलीं- सलीम और मेरी वजह से सलमा बुरे दौर से गुजरी हैं

### तुम्हारी मां ने उस समय बहुत कुछ सहा होगा-हेलन

दरअसल, करियर से जुड़ी बातचीत के दौरान अरबाज पूछते हैं कि क्या ये वही समय था, जब आप मिस्टर सलीम यानी हमारे पिता से मिली थीं। हेलन ने इस पर कहा- ‟उन्होंने मुझे एक रोल ऑफर किया था, हम दोस्त बन गए। मम्मी बहुत अच्छी थीं।’ अरबाज कहते हैं- ‟वो वक्त आपके लिए काफी मुश्किल भरा रहा होगा। हेलन ने जवाब दिया- हां, तुम्हारी मां ने उस समय बहुत कुछ सहा होगा।’ सलीम की पहली पत्नी सलमा के बारे में बात करते हुए हेलन इमोशनल हो जाती हैं।

### मैं कभी भी फैमिली से अलग नहीं होना चाहती थी- हेलन

हेलन ने आगे कहा- लगता है कि मुझे किस्मत ने आप सभी के करीब ला दिया। मुझे आप सभी का शुक्रिया करना चाहिए। मैं कभी भी परिवार (सलीम की फैमिली)को अलग नहीं करना चाहती थी।

# PSL में गेंदबाज ने 150 की स्पीड से फेंकी बॉल,20 साल के पेसर ने सरफराज अहमद को किया बोल्ड, लिए 5 विकेट

**मुल्तान, एजेंसी।** पाकिस्तान के 20 साल के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज इहसानुल्लाह ने 150 की स्पीड से गेंद फेंकी और क्वेटा ग्लैडियर्स के कप्तान सरफराज अहमद को बोल्ड कर दिया। साथ ही मैच में 5 विकेट लिए। मोहम्मद रिजवान की मुल्तान सुलतान टीम के इहसानुल्लाह ने क्वेटा को केवल 110 पर ऑल आउट कर दिया। मुल्तान ने 13.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर मैच जीता।इहसानुल्लाह ने जेसन रॉय, उमर अकमल, सरफराज अहमद, इफ्तिखार अहमद और नसीम शाह के विकेट लिए। इहसानुल्लाह ने लगातार 140 की स्पीड बनाए रखी। छठे ओवर की तीसरी बॉल उन्होंने 150.3 की स्पीड से फेंकी और सरफराज को बोल्ड किया। मैच का सबसे बड़ा मोमेंट आठवें ओवर में आया जब इहसानुल्लाह ने पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले जेसन रॉय (27) और इफ्तिखार अहमद को लगातार गेंदों पर आउट किया। इहसानुल्लाह पाकिस्तान कप 2022-23 के सेकेंड बेस्ट बॉलर रहे थे। उन्होंने 11 मैचों में 25 विकेट लिए।



13.3 ओवर में ऑल आउट हुआ क्वेटा

13.3 ओवर में क्वेटा ऑलआउट हो गया। पहली पारी में जेसन रॉय ने सबसे ज्यादा 27 रन बनाए। इहसानुल्लाह ने 5, अब्बास अफरीदी और समीन गुल ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में मुल्तान सुल्तान ने 1 विकेट खो कर 13 ओवर में ही लक्ष्य पूरा कर लिया। शान मसूद का 3 रन पर विकेट गिरा। इसके बाद राईली रूसो और मोहम्मद रिजवान के बीच 74 बॉल में 108 पार्टनरशिप हुई। रूसो ने 42 बॉल में 73 रन बनाए।

# रिलीज से पहले शहजादा की रखी गई विशेष स्क्रीनिंग फिल्म देखने पहुंचे बॉलीवुड के ये सितारे

**मुंबई, ईएमएस।** कार्तिक आर्यन की शहजादा इन दिनों काफी सुर्खियां बटोर रही है। फिल्म आज यानी 17 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। फैंस को इस फिल्म का लंबे समय से इंतजार था। गुरुवार को रिलीज से पहले फिल्म स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई, जिसमें कई बॉलीवुड सितारों ने शिरकत की। इस मौके पर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर एक्टर शाहिद कपूर, वरुण धवन और अर्जुन कपूर नजर आए। वहीं,, फिल्म की लीड एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन नुपुर को भी इस स्पेशल स्क्रीनिंग में स्पॉट किया गया। कार्तिक के माता-पिता भी अपने बेटे की फिल्म देखने पहुंचे थे। इस दौरान दोनों काफी खुश नजर आए। बता दें कि शाहिद इस इवेंट में अपनी पत्नी मीरा के साथ पहुंचे थे। इसके अलावा मुकेश छाबड़ा, दर्शन कुमार, भूषण कुमार, अली असगर अपने बच्चों के साथ, रोनित रॉय और उनके परिवार के सदस्यों, मनीषा कोइराला, रोहित रॉय, फराह खान अली, चंकी



पांडे, सनी सिंह, मधुर भंडारकर, हरमन बावेजा और अंगद बेदी जैसी अन्य हस्तियां भी इस इवेंट में देखे गए। बता दें कि भूल भुलैया 2 के सुपरहिट होने के बाद कार्तिक आर्यन के फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था। इस फिल्म का निर्देशन डेविड धवन के बेटे रोहित धवन ने किया है। इससे पहले रोहित देसी बॉयज और ढिशूम जैसी फिल्में बना चुके हैं। गौरतलब है कि शहजादा तेलुगु फिल्म अला वैकुंठप्रेमलू की आधिकारिक हिंदी रीमेक है, जिसमें अभिनेता अल्लू अर्जुन और पूजा हेगड़े ने मुख्य भूमिका निभाई थी। दक्षिण भारत में इस फिल्म को लोगों ने काफी पसंद किया था।

# लोग बोले-बोरियां बेचने वाला क्या एक्टर बनेगा मेरी फिल्म देख देव आनंद ने कहा था-तुम्हारे पास मुझसे ज्यादा फिल्में हैं, अब मैं तुम्हें कॉपी करूंगा

**मुंबई, एजेंसी।** सदाबहार हीरो देव आनंद के एक हमशक्ल को आपने भी कई फिल्मों में देखा होगा। आमिर खान की दिल से लेकर टीवी सीरियल भाबीजी घर पे हैं तक, देव साहब जैसी शक्ल और अदाओं वाले इस कलाकार का नाम है किशोर भानुशाली। किशोर मुंबई के ही हैं। जब कोई 10 साल की उम्र थी तब एक दोस्त ने इन्हें बताया कि इनकी शक्ल देव आनंद से मिलती-जुलती है। तब तक इन्होंने देव आनंद की फिल्में नहीं देखी थी। पहली बार अपनी सूरत उनकी शक्ल से मिलाने के लिए फिल्म देखने गए। तब समझ



आया कि सुपर सितारे से उनका चेहरा कितना मिलता है। लिहाजा उम्र के साथ देव आनंद की अदाएं और अंदाज भी अपना लिया। करीब 200 फिल्मों में नजर आ चुके किशोर का यहां तक का सफर खासा मुश्किल रहा।पिता का टाट की बोरियां बेचने का बिजनेस था। किशोर ने 12-13 की उम्र से ही ये काम सीखना शुरू कर दिया, लेकिन मन एक्टिंग में था। पढ़ाई के साथ-साथ चोरी-छिपे देव आनंद के गानों पर शो करते। लोग देव आनंद की नकल उतारने पर मजे तो खूब लूटते थे, लेकिन कोई काम नहीं देता। पिता के बोरियों वाले बिजनेस में उनकी मदद करते तो लोग ताना मारते थे कि बोरियां बेचने वाला क्या खाक एक्टर बनेगा। लेकिन, किस्मत बॉलीवुड तक ले ही आई। एक दिन अचानक आमिर खान की फिल्म दिल में इन्हें रोल मिल गया। इसमें जब देव आनंद ने किशोर का काम देखा तो उन्हें अपने ऑफिस बुला लिया। पूछा- कितनी फिल्मों में काम कर रहे हो। किशोर ने जवाब दिया- 10-12 फिल्में। देव आनंद ने कहा- तेरे पास तो मुझसे ज्यादा फिल्में हैं। अब तो मुझे तेरी कॉपी करनी पड़ेगी।ये बात मजाक की थी, लेकिन खुद देव आनंद ने इन्हें साथ काम करने का वादा किया था। हालांकि, ऐसा कभी हो नहीं पाया कि दोनों एक साथ पर्दे पर दिख पाएं। किशोर ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कई स्टूडियोज के चक्कर लगाए। प्रोड्यूसर्स से मिले। शोज किए। आज देव आनंद के डुप्लीकेट के रूप में स्थापित हैं।

# इकोनॉमी क्लास में ट्रेवल करती दिखीं दीपिका पादुकोण,वीडियो देख फैंस ने की सादगी की तारीफ

**मुंबई, ईएमएस।** इन दिनों शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की फिल्म पठान अपनी ताबड़तोड़ कमाई को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। इसी बीच दीपिका को फ्लाइट की इकोनॉमी क्लास में सफर करते हुए देखा गया है, जिसका एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस ऑरेंज और ब्लू स्पोर्ट्स टी-शर्ट में दिखाई दे रही हैं। इसके साथ उन्होंने मैचिंग कैप पहनी हुई है और गॉगल्स भी लगाया हुआ है। वीडियो में दीपिका को फ्लाइट की गैलरी में सभी यात्रियों के बीच से चुप- चाप निकलते हुए देखा जा सकता है।वहीं लोग उन्हें देखकर हैरान हो जाते है। कई लोगों ने उनकी फोटो भी क्लिक की। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। फैंस उनके इस वीडियो को खूब पसंद कर रहे हैं और उनके इकोनॉमी क्लास में सफर करने पर उनकी सादगी की तारीफ भी कर रहे हैं।



### दीपिका की अपकमिंग फिल्में

शाहरुख खान-दीपिका पादुकोण की हालिया रिलीज फिल्म पठान के कलेक्शन का सिलसिला मानो थमने का नाम नहीं ले रहा। अब लेटेस्ट रिपोर्ट की मानें तो शाहरुख की फिल्म ने वर्ल्डवाइड 953 करोड़ की शानदार कमाई कर ली है। दीपिका की अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो वह प्रभास के साथ ‟प्रोजेक्ट के’, ऋतिक रोशन के साथ ‟फाइटर’ में दिखाई देंगी। इसके अलावा रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके पास महाभारत और एक हॉलीवुड की फिल्म भी है।

## बालसागर जमीन लूट मामला

# भोपाल में सेटिंग करने जुटे नेता-अफसर

**जबलपुर, यशभारत। नगरीय निकाय भोपाल द्वारा एक आदेश जारी कर बाल सागर जमीन में जमे अतिक्रमण को अलग करने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। जिले के जिम्मेदार अधिकारी से लेकर बिल्डर और नेता डरे हुए है। किसी भी तरह से मामला शांत हो जाए इसको लेकर नेताओं और अधिकारियों की भोपाल दौड़ लग रही है। कहा जा रहा है कि विधानसभा चुनाव तक बालसागर अतिक्रमण कार्रवाई पर रोक लगवाने के लिए जतन हो रहे हैं।**



चुनाव तक कार्रवाई टालने को लेकर भोपाल तक लगाई जा रही दौड़

पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने इस मामले में सीधे मुख्यमंत्री से बात करने की योजना बनाई है। इधर नगरीय निकाय विभाग पूरे मामले में किसी भी तरह का समझौता नहीं करना चाहता है। हालांकि इसको लेकर विभाग प्रमुखों पर सब तरफ से दवाब बनाया जा रहा है।

### आंख मूंदकर बटांक और नामांतरण किए गए

बताया जा रहा है कि राजस्व अमले को बखूबी पता था कि बालसागर में जिस क्षेत्र में प्लाटिंग की जा रही है वह तालाब मद की जमीन है लेकिन बावजूद इसके कमाई के चक्कर में राजस्व अमले ने आंख मूंद कर बटांक और नामांतरण कर दिये। जबकि सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी की गाइडलाइन के अनुसार तालाब, नदी, पहाड़, ग्रीन बेल्ट के मद की जमीनों का मद परिवर्तन नहीं किया जा सकता हैं। इसके बावजूद भी भूमाफियाओं ने तालाब की जमीन राजस्व अमले की मिलीभगत से लोगों को बेच दी और इतना ही नहीं कालोनी में तालाब मद की जमीन पर दिलेरी से सड़क भी बनाई जा रही है।बालसागर जमीन को लूटने का गोरखधंधा करने वाले बिल्डर-नेता आराम की नींद फरमा रहे हैं लेकिन धोखाधड़ी का शिकार हुए लोगों का क्या?। लोगों ने बैंकों से लाखों रूपए लोन लेकर मकान तैयार करवाए है, कुछ ऐसे भी है जिन्होंने पूरी जिंदगी की पूंजी प्लाट और मकान में लगा दी। जिन्होंने इनके साथ धोखा किया है उन पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई लेकिन लोगों को जरूर मकान तोडऩे के नोटिस दिए गए हैं।

### अधिकारी मुंह खोलने तैयार नहीं

बाल सागर जमीन को लूट कर लोगों के साथ धोखाधड़ी की गई। लेकिन इस मामले में स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मुंह खोलने तैयार नहीं है। क्षेत्रीय एसडीएम दिव्या अवस्थी से इस संबंध में संपर्क कर जानकारी ली गई तो उन्होंने कार्रवाई को लेकर कोई दिन या समय निश्चित नहीं बताया। अतिक्रमण कार्रवाई होगी पर कब यह किसी को नहीं पता।

# बरगी बांध के प्रतिबंधित क्षेत्र में पंडाल लगवाने वाले नपे

## संभागायुक्त ने लिया एक्शन, परियोजना अधिकारी निलंबित




यशभारत का असर

**जबलपुर, यशभारत।** बरगी बांध के प्रतिबंधित क्षेत्र में शादी का पंडाल लगवाने अधिकारियों पर गाज गिर गई। यशभारत ने प्रमुखता ने खबर प्रकाशित कर संभागायुक्त को इस संबंध में जानकारी पहुंचाई थी। यशभारत से जानकारी लगने के बाद संभागायुक्त ने तत्काल एक्शन लेते हुए बांध के अधिकारियों को हड़काया। जिसके बाद एक परियोजना अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। जबकि एक कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

मालू हो कि बरगी बाँध के टॉप पर जहाँ आम आदमी का जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है, उस हिस्से में टेंट लगाकर पार्टी की गई। शादी का यह रिसेप्शन शाम से देर रात तक चला, जिसमें डांस मस्ती सब कुछ हुई। बाँध की सुरक्षा में तैनात अधिकारियों को इसकी पूरी खबर थी और अनदेखी करते हुए यह आयोजन करने दिया गया। जब रानी अवंती बाई सागर परियोजना के आरएल अहिरवार को निलंबित करने का प्रस्ताव शासन को भेज दिया, साथ ही इस पार्टी को शिकायत के बाद रोक न पाने के आरोप जिन अधिकारियों पर लग रहे हैं।

### कई अधिकारियों को नोटिस जारी

मामले के वीडियो जारी किए गए और उनमें कार्यापालन यंत्री, सुरक्षा अधिकारी फोटो उच्च अधिकारियों तक पहुँची, एक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया फरवरी को हुई पार्टी के बाद बीते दिनों है। बाँध के बारह वाले छोर में गेट के अंदर यह आयोजन ऐसी जगह हुआ, जहाँ मुख्य अभियंता ने इस मामले में उपयंत्री पर बिना अनुमति के किसी भी व्यक्ति का जाना प्रतिबंधित है।

### पहली बार हुआ ऐसा कोई आयोजन

इधर बाँध की सुरक्षा और जल प्रबंध में लगे अधिकारियों का कहना है कि इस तरह का कोई आयोजन उन्होंने पहली बार देखा है, जो बाँध के ऊपर किया गया। वह भी ऐसे हिस्से में टेंट लगाया गया जहाँ पर किसी भी आदमी का जाना वर्जित होता है। इस हिस्से में गेट से गार्ड की अनुमति लेकर ही कोई व्यक्ति अंदर जा पाता है। विशेष तौर पर रात के वक्त तो इस हिस्से में जाना संभव ही नहीं, लेकिन धड़ल्ले से यह आयोजन किया गया।

## मेडिकल सुपर स्पेशिलिटी का एक्सपायर केमिकल मामला

# जांच के लिए दूसरी कमेटी पहुंची

**जबलपुर, यशभारत। नेताजी सुभाषचंद्र बोस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में एक्सपायर कैमिकल मामले में दूसरी टीम आज अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू की। इससे पहले एक अन्य कमेटी भी जांच कर चुकी है लेकिन उसका क्या परिणाम आया किसकी गलती निकली यह अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है। दूसरी ओर पूरे मामले में लीपापोती मामले की बात सामने आ रही है। कहा जा रहा है कि जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।**




पहली कमेटी की जांच का पता नहीं

खानापूर्ति में जुटे अधिकारी

कर्मचारियों पर बनाया जाता है दबाव

मध्यप्रदेश शासन की मंशा है कि प्रदेश की जनता को स्वास्थ्य के लिए दर-दर भटकना न पड़े. जिसके प्रदेश सरकार तरह-तरह की योजनाएं चला रही है. जिससे मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें. शासन की इस मंशा को वहां पर पदस्थ अधिकारी पलीता लगाने में जुटे हुए हैं. मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल में मशीनों में उपयोग की जाने वाली दवाइयां एक्सपायरी डेट की इस्तेमाल की जा रही है. सबसे बड़ी बात यह है कि इस्तेमाल करने वाले कर्मचारी वह खुद अपनी स्वेच्छा से इन दवाइयों को इस्तेमाल नहीं करते. इसके लिए अस्पताल में उच्च पदस्थ अधिकारी ही कर्मचारियों पर दबाव बनाकर जबरदस्ती उन्हें इस्तेमाल करवा रहे थे।

### कमाई के लिए किया जा रहा है गोरखधंधा

मेडिकल सुपर स्पेशियलिटी में विभाग के कुछ जिम्मेदार डॉक्टर इस गोरखधंधे को कमाई के चक्कर मे अंजाम दे रहे हैं. जानकर हैरानी होगी इस का विरोध करने वाले स्टाफ को बाहर का रास्ता दिखाने की धमकी दी जाती है. कर्मचारियों को ऐसा करने के लिए टॉर्चर किया जा रहा है. कर्मचारियों ने बताया कि बायपास सर्जरी के दौरान ईटीओ मशीन में कॉटिज गैस उपयोग होता है. वह एक साल पुराना या उससे भी अधिक पुराना यूज किया जा रहा है. बताया जा रहा है कि सुपर स्पेशियलिटी के जिम्मेदार अधिकारियों के इशारों में कीटाणु मारने के लिए उपयोग किया जाना वाला केमिकल भी एक्सपायरी यूज किया जा रहा है।

### यशभारत ने प्रमुखता से उठाया था मामला

मेडिकल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एक्सायरी डेट का केमिकल इस्तेमाल किए जाने का मामला यशभारत ने प्रमुखता से उठाया था। यशभारत ने केमिकल घोटाला उजागर मेडिकल अस्पताल में चल रहे गोरखधंधा सबके सामने लाया था।

# लंच में गये थे खाना खाने ,आ गए शराब पीकर

## ओएफके में गेट नंबर 3 पर पकड़े गए दो कर्मचारी

**जबलपुर यशभारत**।आयुध निर्माणी खमरिया में सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने दो कर्मचारियों को उस समय दबोच लिया जब वे शराब के नशे में धुत होकर निर्माणी के अंदर आ रहे थे।दोनों कर्मचारियों को ओएफके अस्पताल भेजा गया जहां दोनों के शराब पीने की पुष्टि हुई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को भोजन अवकाश के बाद गेट नंबर 3 से झूमते हुए अंदर आ रहे थे।यह देखकर सुरक्षा कर्मियों ने बाहरी व्यक्ति के संदेह होने पर रोक कर पूछताछ की।पूछताछ में उनकी पहचान भूपेन्द्र मार्को और सुरेंद्र सिंह के रूप में हुई जो फिलिंग अनुभाग में कार्यरत हैं।सुरक्षा विभाग ने इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को देते हुए एम एल सी के लिए ओएफके अस्पताल भेज दिया।जहां परीक्षण के उपरांत दोनों कर्मचारियों के शराब पीने की पुष्टि हुई है।इस संबंध में निर्माणी के जनसंपर्क अधिकारी से संपर्क का प्रयास किया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# महिला को प्रताड़ित करने वालों के विरुद्ध क्यों नहीं दर्ज की एफआईआर

**जबलपुर यशभारत।** हाई कोर्ट ने महिला व उसके परिवार को प्रताड़ित करने वालों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज न किए जाने के मामले में जवाब-तलब कर लिया है। न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने इस सिलसिले में राज्य शासन, गृह विभाग के प्रमुख सचिव, पुलिस कमिश्नर, डीएसपी आलोक श्रीवास्तव, अशोका गार्डन पुलिस थाना के एसआई बलजीत सिंह, अजाक थाना प्रभारी, महिला थाना प्रभारी के अलावा निजी पक्षकार दिनेश शुक्ला, चंद्रेश शुक्ला व प्रतिमा शुक्ला को नोटिस जारी किए हैं। याचिकाकर्ता भोपाल निवासी मोना वर्मा की ओर से अधिवक्ता अमिताभ गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि निजी पक्षकार दिनेश शुक्ला, चंद्रेश शुक्ला व प्रतिमा शुक्ला उसके ही मोहल्ले में रहते हैं। वे किसी न किसी बात को लेकर याचिकाकर्ता व उसके परिवार का जातिगत अपमान करते रहते हैं। 12 अक्टूबर, 2022 को दिनेश ने अपनी कार से मोना की स्कूटी में टक्कर मारी। विरोध करने पर दिनेश व उसके स्वजनों ने मारपीट की और याचिकाकर्ता के कपड़े फाड़ दिए। महिला और उसके परिजनों ने अशोका गार्डन पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इतना ही नहीं पुलिस ने पीड़िता व उसके स्वजनों के विरुद्ध ही प्रकरण पंजीबद्ध कर दिया। जमानत पर छूटने के बाद भी पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज नहीं की। सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत भेजी। इसके बावजूद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। हाई कोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद जवाब-तलब कर लिया।



हमारे प्रेरणास्त्रोत पत्रकार अरूण शुक्ला
आशीष कंसल्टेंसी
Email-ajayshukla2680@gmail.com
मो. 9425154156, 9826176903
नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, बटवारा, वसीयतनामा इत्यादि
पता - आशीष ट्रांसपोर्ट बलदेव बाग जबलपुर

# स्टंटबाज बाइक सवार को रोकना पड़ा भारी : युवक पर धारदार हथियार से हमला

**जबलपुर,यशभारत।** रांझी थाना अंतर्गत देर रात स्टंट मारते हुए बाइक चला रह आरोपी का विरोध करना युवक को उस वक्त भारी पड़ गया जब आरोपी ने आंव देखा ना तांव और जमकर मारपीट कर, चाकू से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया और मौक से फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि सत्यम ठाकुर 23 वर्ष निवासी मानेगांव ने बताया कि देर रात वह और उसका साथी अभिषेक अग्निहोत्री काम से घर आये और घर में बैग रखकर घर के बाहर रोड पर टहल रहे थे। तभी मानेगांव निवासी गिन्दू उर्फ अमन कोल गाड़ी गलत तरीके से चला रहा था जिसे मना किया । इसी बात पर अमन कोल उससे गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो धारदार हथियार से हमलाकर फरार हो गया।

# सिहोरा में पल्लेदार की हत्या कर बाबाताल मंदिर के पास फेंका शव

## सिर में गंभीर चोट के निशान, क्षेत्र में हड़कंप

**जबलपुर, यशभारत।** सिहोरा थाना अंतर्गत ललाई मोहल्ला में आज उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक की रक्तरंजिश लाश बरामद की गई। युवक पेशे से पल्लेदार था। यह खबर लगते ही घटना स्थल पर भारी भीड़ का जमावड़ा लग गया। खबर पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामला जांच में लिया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि ललाई मोहल्ला निवासी अशोक कोल 29 वर्ष, पिता रविशंकर कोल की खून से लथपथ लाश बाबाताल मंदिर के पास पड़ी हुई थी। लोगों ने जैसे ही शव को देखा तो उनका कलेजा मुंह को आ गया। पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। प्रथम दृष्टा पूरा मामला आपसी रंजिश का प्रतीत हो रहा है। सिर पर धारदार हथियार हमलाकर कर युवक को मौत के घाट उतारा गया है। जिसके बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति है।



14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
चिपचिपाहट रहित
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध
व्यावसायिक पूछताछ 9826035091

केला चिप्स
AK's
चना जोर गरम
रोस्टेड फूड जंक्शन ड्राई फूड
रोस्टेड चना | रोस्टेड पी नट | नमकीन | चिवड़ा | ड्राई फ्रूट
जनता साईकिल के बाजू में, बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
मोबा. 7987145201, 9993418910

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ. अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ. प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ. हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ. हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ. तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ. एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ. नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ. विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

# पति से तलाक के बाद थी तनाव में

# असम की महिला ने जबलपुर में लगाई फांसी, पार्टियों में करती थी वेटर का काम

**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत असम की एक महिला ने जबलपुर में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। महिला का पति से तलाक हो गया था जिसके बाद वह अपनी एक रिश्तेदार के साथ शंकर नगर में किराए के मकान में रह रही थी और व्हीआईपी पार्टियों में वेटर का कार्य करती थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि शानू तमंग पिता रामबहादुर तमंग 24 साल नार्थ हिल्स असम की निवासी थी। जो पति से तलाक होने के बाद वह जबलपुर में ही व्हीआईपी पार्टियों में बतौर वेटर का काम करती थी। जिसने अपने कमरे में पंखे से लटककर मौत को गले लगा लिया। पुलिस के अनुसार मृतिका के पास फिलहाल कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मामले की जांच जारी है।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

साईं हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं साईं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्दी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरेशन व इलाज की सुविधा
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)